▪ वैशाख शुक्ल - 13 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 292 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 20-05-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित






5 निजता के उल्लंघन को लेकर आईपीएल प्रसारक पर भड़के रोहित

6 क्या पीओके जल्दी ही भारत का अंग होगा?

7 'इंडि' गठबंधन के नेता रावण और कंस की संस्कृति के अनुयायी : यादव

## फर्स्ट टेक

### ईरान के राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**दुबई/एपी।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य अधिकारियों को ले जा रहे हेलीकॉप्टर के रविवार को देश के उत्तर पश्चिमी हिस्से में पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की आशंका है, जिसके बाद बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया है और लोगों से प्रार्थना करने की अपील की गई है। रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे। सरकारी टीवी ने कहा कि ''हार्ड लैंडिंग'' की यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 600 किलोमीटर (375 मील) उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा से सटे जुल्फा शहर के निकट हुई। बाद में हालांकि टीवी ने बताया कि यह घटना उजी के निकट हुई है। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने इसे दुर्घटना कहा, लेकिन अन्य ने या तो हार्ड लैंडिंग या घटना करार दिया। रईसी की स्थिति के बारे में घंटो बाद भी न तो 'आईआरएनए' और न ही सरकारी टीवी ने कोई जानकारी दी। सरकारी टीवी ने बताया कि बचाव दल मौके पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं।

### बारिश के कारण केकेआर बनाम राजस्थान रॉयल्स मैच रद्द

**गुवाहाटी/भाषा।** बारिश के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) लीग मैच टॉस होने के बाद रद्द करना पड़ा। गीली आउटफील्ड के कारण इसे सात सात ओवर का कराने का फैसला लेने के तुरंत बाद बारिश आ गयी और मैच रद्द करना पड़ा। केकेआर नौ जीत से 20 अंक लेकर पहले स्थान पर रही, उसे दो मैच रद्द होने से एक एक अंक और मिले।

### इमरान खान पर भ्रष्टाचार के नए आरोप लगाए गए

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान की जवाबदेही निगरानी संस्था ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ भ्रष्टाचार के नए आरोप लगाए हैं। मीडिया में रविवार को आई खबरों में यह बात कही गई। खबरों के अनुसार, इमरान पर सत्ता में रहने के दौरान सरकारी तोशाखाना से जुड़ी उच्च मूल्य की सात घड़ियाँ और 10 अन्य कीमती उपहार अवैध रूप से रखने और बेचने का आरोप लगाया गया है। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने कहा कि राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक 71 वर्षीय खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ तोशाखाना के कथित दुरुपयोग की जांच शुरू की थी। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामलों में पहले भी इमरान और बुशरा को दोषी ठहराया जा चुका है।

| | |
|---|---|
| 20-05-2024 सूर्यास्त 6:39 बजे | 21-05-2024 सूर्योदय 5:53 बजे |
| BSE 74,005.94 (+98.15) | NSE 22,502.00 (+98.15) |
| सोना 7,498 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 86,638 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कुछ करो ठोस

वे लड़ ना सकते युद्ध कभी,
जिनकी होती भोटी कृपाण।
ढीली प्रत्यंचाओं पर हरगिज,
ना सधे लक्ष्य पर कभी बाण,
केवल मंत्रों के बल पर ही,
ना मिल पाता है कभी त्राण।
कह देना बस मन की बातें,
ना होता है पूरा प्रमाण।।

# 49 लोकसभा सीटों पर पांचवें चरण का मतदान आज

■ महाराष्ट्र की 13, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार की पांच, झारखंड की तीन, ओडिशा की पांच और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख की एक-एक सीट पर मतदान होगा।

■ इस चरण में दो 'हाई प्रोफाइल' सीट रायबरेली और अमेठी में भी मतदान होगा, जहां से क्रमशः कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मैदान में हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/लखनऊ/भाषा।** छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीट पर सोमवार को पांचवें चरण के चुनाव के लिए मतदान होगा। इस चरण में दो 'हाई प्रोफाइल' सीट रायबरेली और अमेठी में भी मतदान होगा, जहां से क्रमश: कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मैदान में हैं। इनके अलावा इस चरण में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की चुनावी किस्मत का भी फैसला होगा।

इस दौर में 4.26 करोड़ महिलाओं और 5,409 'थर्ड जेंडर' के मतदाताओं सहित 8.95 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं और 94,732 मतदान केंद्रों पर 9.47 लाख मतदान अधिकारी तैनात किए गए हैं।

सोमवार को महाराष्ट्र की 13, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार की पांच, झारखंड की तीन, ओडिशा की पांच और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख की एक-एक सीट पर मतदान होगा।

पांचवें चरण में जिन सीट पर मतदान होगा उनमें से 40 से अधिक सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास थी।

मतदान की पूर्व संध्या पर, निर्वाचन आयोग ने रविवार को बताया कि मुंबई, ठाणे और लखनऊ के मतदाताओं ने अतीत में मतदान के प्रति उदासीनता दिखाई है और वहां के शहरवासियों से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। पिछले चार चरणों में अब तक कुल 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक




उद्यमी और पायलट गोपी थोटाकुरा रविवार को अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन के एनएस -25 मिशन पर एक पर्यटक के रूप में अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बन गए। थोटाकुरा को एनएस-25 मिशन के लिए चालक दल के छह सदस्यों में से एक के रूप में चुना गया था, जिससे वह 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और दूसरे भारतीय बन गए। कंपनी ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि ब्लू ओरिजिन की सातवीं मानवयुक्त उड़ान, एनएस-25, रविवार सुबह पश्चिम टेक्सास में 'लॉन्च साइट वन' से रवाना हुई। यह मिशन न्यू शेपर्ड कार्यक्रम के लिए सातवीं और इसके इतिहास में 25वीं मानव उड़ान थी।

# कभी भी देश का दूसरा विभाजन नहीं होने देगी भाजपा : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जौनपुर (उप्र)/भाषा।** कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि विपक्षी दल ने संविधान के अनुच्छेद-370 को ''बरकरार रखा'' जिसके कारण देश में आतंकवाद बढ़ा। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कभी भी देश का दूसरा विभाजन नहीं होने देगी। अमित शाह ने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर तीखा प्रहार करते हुए कर्नाटक और तेलंगाना के संदर्भ के साथ दावा किया कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो तो हम मुस्लिम आरक्षण समाप्त कर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण बहाल कर देंगे।

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में एक चुनाव रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) ने 70 वर्षों तक अनुच्छेद-370 को बरकरार रखा, जिसके कारण पूरे देश में आतंकवाद बढ़ गया। उन्होंने कहा, आपने मोदीजी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और उन्होंने पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटा दिया। जिस कश्मीर में तिरंगा फहराने के लिए सेना को साथ ले जाना पड़ता था, उसी लाल चौक (श्रीनगर) पर अब भगवान कृष्ण की शोभा यात्रा निकाली जाती है। उन्होंने कहा कि ''राहुल बाबा'' कहते थे कि अगर कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटेगी तो वहां खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में खून की नदियां तो छोड़िए किसी में कंकड़ तक मारने का साहस नहीं है। गृह मंत्री ने कहा, सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में आए दिन देश में आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस कोई कार्रवाई नहीं करती थी, लेकिन मोदी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर 10 दिन के अंदर उरी और पुलवामा का जवाब दिया तथा आतंकवादियों का सफाया किया है।

### कर्नाटक में अंजलि हत्या मामले में पुलिस उपायुक्त निलंबित

**हुबली (कर्नाटक)/भाषा।** हुबली-धारवाड़ के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) एम राजीव को अंजलि अंबिगेरा हत्या मामले में निलंबित कर दिया गया है। शीर्ष पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। अंजलि (20) की उसके पड़ोसी गिरीश सावंत (23) ने प्रेम प्रस्ताव ठुकराए जाने पर 15 मई को कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इससे पहले भी, इसी तरह की घटना में नेहा हिरेमथ की हत्या कर दी गई थी। नेहा (23) की 18 अप्रैल को हुबली में कॉलेज परिसर में उसके पूर्व सहपाठी फयाज खोडुनाइक ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। राजीव हुबली-धारवाड़ शहर के डीसीपी (कानून-व्यवस्था) थे। हत्या से एक सप्ताह पहले अंजलि की मां ने गिरीश के खिलाफ उसे परेशान करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हुबली-धारवाड़ के पुलिस आयुक्त ने कार्रवाई करते हुए डीसीपी को निलंबित कर दिया।

# पीओके में मानवाधिकारों के उल्लंघन का संज्ञान ले अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं

## पीओके भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**संबलपुर/क्योंझर/खुर्दा (ओडिशा)/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीआके) में मानवाधिकारों के उल्लंघन का संज्ञान लेना चाहिए।

ओडिशा के खुर्दा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, पीओके में मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है... अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एजेंसियों को पीओके में हो रही घटनाओं का संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग अब पाकिस्तानी प्रशासन के अधीन रहने के बजाय भारत में शामिल होना चाहते हैं।

सिंह ने कहा, मैंने पूर्व में कहा था कि हमें किसी पर हमला करने की जरूरत नहीं है, वे खुद आ जाएंगे। दो दिन पहले, मैंने एक वीडियो देखा था जिसमें पीओके के लोग पाकिस्तानी ध्वज-स्तंभ को उखाड़ते हुए दिख रहे थे। उन्होंने कहा, ''पीओके भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा।''

रक्षा मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर राजग शासन के तहत आतंकवाद 'शून्य' हो गया है, जबकि पिछले संप्रग शासन के तहत अनेक आतंकी हमले हुए थे।

उन्होंने कहा, 2008 में, हमारे आईपीएस अधिकारी मुंबई (26/11 हमले) में गोलियों का शिकार हो गए... तत्कालीन कांग्रेस सरकार क्या कर रही थी? लेकिन अब, कोई भी भारत पर हमला करने की हिम्मत नहीं करता।

## मोदी ने आरकेएम, भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ ममता की टिप्पणी की निंदा की, कहा

# मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में हैं ममता बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुरुलिया/बिष्णुपुर (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणियों की रविवार को निंदा करते हुए कहा कि वह मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में हैं और तृणमूल कांग्रेस के वोट बैंक के ''तुष्टीकरण'' के लिए इन सामाजिक-धार्मिक संगठनों को धमकी दी है।

पुरुलिया और बिष्णुपुर में एक के बाद एक रैलियों को संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा कि टीएमसी ने इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ झूठ फैलाकर शालीनता की सीमा पार कर दी है। उन्होंने कहा, चुनाव के दौरान बंगाल की जनता को डराने-धमकाने वाली टीएमसी ने इस बार सारी हदें पार कर दी हैं। आज देश और दुनिया में इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ अपनी सेवा और नैतिकता के लिए जाने जाते हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री उन्हें खुले मंच से खुलेआम धमकी दे रही हैं।

मोदी ने दावा किया कि धमकियां वोट बैंक को खुश करने के लिए दी गईं। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री (ममता बनर्जी) उन्हें धमकी दे रही हैं। वे सिर्फ अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए उन्हें धमकी दे रहे हैं।

मोदी ने कहा कि इन संगठनों के दुनिया भर में लाखों अनुयायी हैं और उनका उद्देश्य लोगों की सेवा करना है। मोदी ने रैली में कहा, बंगाल सरकार ने उन पर उंगली उठाई है। इतना साहस। सिर्फ अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए?'' प्रधानमंत्री ने बिष्णुपुर में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी पर मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में होने और देश के साधु और संतों पर हमला करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा, तृणमूल घबराई हुई है क्योंकि पार्टी को लगता है कि उसका समय खत्म हो गया है।

# पुलिस ने केजरीवाल के घर से 'सीसीटीवी डीवीआर' जब्त किया

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली पुलिस पर चुनाव से पहले पार्टी की छवि खराब करने के लिए कहानियां गढ़ने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि उसने स्वाति मालीवाल पर हमले की जांच के सिलसिले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों की 'डीवीआर' जब्त कर ली है।

**स्वाति मालीवाल पर हमला मामला**



दिल्ली पुलिस की तरफ से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

आप की राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने 13 मई को उन पर तब हमला किया जब वह उनसे मिलने के लिए मुख्यमंत्री के आवास पर गई थीं।

आप ने उनके आरोपों को खारिज कर दिया है और दावा किया है कि मालीवाल केजरीवाल को फंसाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम कर रही हैं। कुमार को शनिवार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

रविवार को एक संवाददाता सम्मलेन को संबोधित करते हुए आप नेता सौरभ भारश्रे ने कहा कि पुलिस पहले ही सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) जब्त कर चुकी है।

# भीषण गर्मी से हुआ सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त

■ मौसम कार्यालय ने दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया।



**नई दिल्ली/भाषा।** देश के कई हिस्सों में रविवार को भीषण गर्मी के कारण सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और दक्षिण पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ में तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम में अब तक देश में सबसे अधिक है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी की जानकारी दी है। यहां तक कि हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाके भी भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं।

धर्मशाला में अधिकतम तापमान 36 डिग्री, ऊना में 44.4 डिग्री, बिलासपुर में 42.4 डिग्री, सोलन में 36.6 डिग्री और कांगड़ा में 40 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम कार्यालय ने दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के लिए 'रेड अलर्ट' जारी कर संवेदनशील लोगों की अत्यधिक देखभाल की आवश्यकता पर जोर दिया है। उत्तर प्रदेश, बिहार और गुजरात के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है, जिसमें शिशुओं, बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोगों समेत संवेदनशील व्यक्तियों की उच्च स्वास्थ्य देखभाल पर जोर दिया गया है।

# हम करोड़ों को लखपति बनाएंगे : राहुल

**प्रयागराज/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया है, इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') की सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी।

प्रयागराज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में जिले के यमुनापार करछना के मुंगारी गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए



राहुल गांधी ने कहा, नरेन्द्र मोदी जी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया है। हम करोड़ों लखपति बनाने जा रहे हैं। सभी गरीबों की लिस्ट बनेगी। उन्होंने कहा, हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा और करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते में टकाटक-टकाटक साल के एक लाख रुपए, महीने के 8500 रुपए हम डालेंगे। हिंदुस्तान के किसानों को अनाज, आलू, गन्ना, कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएमसी) की कानूनी गारंटी हम देने जा रहे हैं। हम उनका कर्ज माफ करेंगे।

कांग्रेस नेता ने कहा, यह लड़ाई इस संविधान की है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) इस पर आक्रमण कर रहे हैं।

## स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



हुब्बल्ली टीम गोजू रयू कराटे डो केनरीयू कान हुब्बल्ली की ग्रंथ दवे ने मलेशिया में आयोजित 20वीं अंतर्राष्ट्रीय कराटे ओपर प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण पदक जीते। हुब्बल्ली में आने पर शिंदे काम्पलेक्स में सामाजिक कार्यकर्ता विनोदकुमार पटवा, किरण वडेरा, प्रकाश कटारिया, मनोज गुगलिया, संजय शर्मा, सुरेंद्र छाजेड, विशाल जैन, अंकित बागरेचा आदि ने सम्मान किया।

# 'इंडिया' गठबंधन की सरकार स्थिर और विश्वसनीय नीति निर्माण की शुरुआत करेगी : कांग्रेस

नई दिल्ली/भाषा। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच कांग्रेस ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर डर फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि 'इंडिया' गठबंधन की सरकार स्थिर, विश्वसनीय नीति निर्माण और समग्र समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करेगी।

विपक्षी दल का यह बयान तब आया जब गृह मंत्री शाह ने एक टीवी चैनल के साथ साक्षात्कार में कहा कि शेयर बाजार को चुनाव से नहीं जोड़ा जाना चाहिए, लेकिन एक स्थिर सरकार बेहतर प्रदर्शन करने में इसकी मदद करती है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा और इसके सहयोगियों की जीत के परिणामस्वरूप चार जून के बाद बाजार में तेजी आएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा, ''वित्तीय बाजारों को लेकर 'इंडिया' गठबंधन की सरकार के बारे में निवर्तमान गृह मंत्री द्वारा फैलाए गए भय का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि मजबूत और समावेशी आर्थिक विकास प्रदान करने में कांग्रेस का रिकॉर्ड खुद इस बारे में बोलता है।

रमेश ने कहा, यह रिकॉर्ड की बात है कि डॉ. मनमोहन सिंह के शासनकाल में आर्थिक विकास और निवेश मोदी सरकार की तुलना में बहुत अधिक था। प्रतिशत के रूप में निजी निवेश और विनिर्माण की हिस्सेदारी पिछले दशक की तुलना में डॉ. सिंह के शासनकाल में बहुत अधिक थी।

## चुनावी जनसभा




बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को गोपालगंज में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एक चुनावी जनसभा में।



# चतुर्विध संघ शासन स्थापना दिवस पर जुटे श्रावक श्राविकाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन धर्म का प्रमुख पर्व भगवान महावीर स्वामी द्वारा 2580 वर्ष पूर्व वैशाख सुदी ग्यारस को चतुर्विध संघ की स्थापना की थी।

जैन युवा संगठन के तत्वावधान में शासन स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मराठा हॉस्टल में साधु साध्वियों के सान्निध्य में शासन स्थापना दिवस का आयोजन किया।साध्वी आस्थाप्रभाजी एवं दीक्षाप्रभाजी, जिनाज्ञश्रीजी म.सा ने शासन पर एक गीतिका प्रस्तुत की। साध्वीश्री जयश्रीजी ने संघ के स्थापना की महिमा बताते हुए कहा की दशमी को प्रभु महावीर को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ और एकादशी के पावन दिन साधु-साध्वी, श्रावक-श्रविकाओं के सम्मुख संघ की स्थापना की। मुनिश्री आदित्यप्रभश्रसागरजी ने कहा कि जैन धर्म बहुत विशाल है, बहुत उज्वल है, बहुत करुणामय धर्म है। साध्वीश्री विपुलदर्शनाश्रीजी ने कहा कि प्रभु महावीर को मानने से ज्यादा जरूरी है की प्रभु महावीर की माने। मुनिश्री मलयप्रभसागरजी, साध्वीश्री आगमश्रीजी, सुप्रभाजी, धर्मप्रभाजी, दर्शनप्रभाजी ने अपने विचार प्रकट किए। इस मौके पर विभिन्न सम्प्रदाय के अनुयायियों ने सामायिक की। संगठन के पदाकिारियों व सदस्यों ने व्यवस्था संभाली।

# मालीवाल से मारपीट मामले में केजरीवाल को नाटक बंद कर चुप्पी तोड़नी चाहिए : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनके सहयोगी बिभव कुमार द्वारा सांसद स्वाति मालीवाल पर किए गए कथित हमले के मामले में नाटक बंद करना चाहिए और अपनी ''चुप्पी'' तोड़नी चाहिए।

इस मामले में कुमार की गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता तथा नेताओं द्वारा भाजपा के कार्यालय के पास किए गए व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद यह प्रतिक्रिया आई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, केजरीवाल को नाटक करने के बजाय अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए और सवालों के जवाब देने चाहिए।

भाजपा नेता ने केजरीवाल से प्रश्न किया कि क्या उन्होंने कथित हमले का आदेश दिया और बिभव कुमार को संरक्षण दिया क्योंकि वह उनके ''गहरे राज'' जानता है? उन्होंने कहा, सीसीटीवी फुटेज गायब क्यों है? क्या केजरीवाल ने शोषण महल (केजरीवाल आवास) से सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य सबूत को नष्ट/छेड़छाड़ करने में बिभव कुमार की मदद की? क्यों छोटी क्लिप जारी की गई, पूरा



फुटेज क्यों नहीं?

भाजपा नेता ने सवाल उठाए, संजय सिंह ने 96 घंटे पहले जो कहा था उससे क्यों पलट गए और अब 'आप' द्वारा पीड़िता पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं?''

भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी उत्तर पूर्वी दिल्ली से मौजूदा सांसद और उम्मीदवार मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने कुमार को बचाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया।

तिवारी ने पूछा, अरविंद केजरीवाल स्वाति मालीवाल मामले पर कुछ क्यों नहीं बोल रहे हैं और बिभव कुमार के पक्ष में क्यों बात कर रहे हैं, जिस पर उन्हें पीटने का आरोप है? वह बिभव कुमार को बचाने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? उनकी क्या मजबूरी है? उन्होंने आरोप लगाया, उस व्यक्ति के पक्ष में विरोध प्रदर्शन करना जिसने एक महिला को पीटा। कितनी घृणित सोच है। दिल्ली में हर कोई हैरान व स्तब्ध है।

तिवारी ने कहा कि दिल्ली के लोग कथित हमले पर सवालों के जवाब चाहते हैं। उन्होंने पूछा कि क्या वह ऐसी चीजें करने के लिए अंतरिम जमानत पर बाहर आए थे।

भाजपा की एक अन्य राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने भी विरोध प्रदर्शन को लेकर केजरीवाल की आलोचना की और कहा कि 'आप' का नाम बदलकर आम अपराधी पार्टी कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि 'आप' ने यह दिखाने के लिए केजरीवाल के आवास की चुनिंदा फुटेज जारी की है कि मालीवाल पर हमला नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया, आम आदमी पार्टी 'डर्टी फिक्स' विभाग का पर्याय बन गई है। उन्होंने संपादित सीसीटीवी फुटेज जारी किया है। बिभव कुमार ने 14 मई को ही अपने मोबाइल फोन को दोबारा फॉर्मेट किया और सारी जानकारी हटा दी।



# पुण्य से पुण्य बढ़ता है और लक्ष्मी के पास ही लक्ष्मी आती है : आचार्यश्री प्रसन्नसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन भवन में गतिमान धर्म व संस्कार शिविर के समापन दिन पर आचार्यश्री प्रसन्नसागर जी महाराज ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अष्टमुलगुण धारण किए पाँच उदंबर फल बड़ , पीपल, पाकर, कटुमर, कटहल और तीन मकार मद्य, मांस, मधु ( शहद ) का त्याग , प्रति दिन देवदर्शन करने का नियम रात्रि भोजन का त्याग, जमींकंद का त्याग , जीवन में संयम, मौन और मुस्कान बनाये रखने के नियम से अपने बहुमूल्य जीवन को श्रृंगारित करने के लिए संकल्प लिए। छोटे-छोटे बच्चों नेउपाध्यायश्री पीयूष सागारजी महाराज से पाँच दिनों में अपने प्रोटेक्शन को बढ़ाया। इस मौके पर आचार्यश्री ने कहा कि पुण्य कमाने के चार मार्ग हैं, पाप कमाने के हजारों मार्ग है। संसार में ऐसी कोई बुराई नहीं है जिसे तुम छोड़ न पाओ। तुम्हारे पास जो आज है, वह पिछले जन्मों के पुण्य का फल है ।

इस जन्म में इतना पुण्य कमाओ कि अगले जन्म में इससे ज्यादा सब कुछ अच्छा मिले। पुण्य से पुण्य बढ़ता है, लक्ष्मी के पास ही लक्ष्मी आती है, काँटे से काँटा निकलता है, मंत्र से मंत्र कटता है। गुरु ही तुम्हारे पापों को पुण्य में तब्दील करने की ताकत रखता है। इस अवसर पर शिविरार्थियों को आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी महाराज के पाद प्रक्षालन किया गया।

## संसद की सुरक्षा सीआरपीएफ की जगह 20 मई से पूरी तरह होगी सीआईएसएफ के हवाले

नई दिल्ली/भाषा। संसद की सुरक्षा 1,400 से अधिक सीआरपीएफ कर्मचारियों के हटने के बाद सोमवार से पूरी तरह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के हवाले होगी और इसके 3,300 से अधिक कर्मी आतंकवाद रोधी तथा अन्य सुरक्षा दायित्वों की जिम्मेदारी अपने हाथों में ले लेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संसद दायित्व समूह (पीडीजी) ने शुक्रवार को परिसर से अपना पूरा प्रशासनिक और अभियानगत अमला- वाहन, हथियार और कमांडो को हटा लिया तथा इसके कमांडर एवं उपमहानिरीक्षक रैंक के अधिकारी ने सभी सुरक्षा जिम्मेदारियां सीआईएसएफ को सौंप दीं।

# नड्डा ने लोगों से आप को 'सबक' सिखाने की अपील की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चंडीगढ़/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके कृत्य ''गंदे'' हैं और लोगों से चुनाव में पार्टी को ''सबक'' सिखाने को कहा।

नड्डा ने आप पर यह निशाना ऐसे समय साधा जब रविवार को दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था कि भाजपा ने आप को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है क्योंकि भाजपा उसे एक चुनौती के तौर पर देखती है।

नड्डा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कैथल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस एक 'परिवारवादी पार्टी' बन गई है। कांग्रेस और 'घमंडिया गठबंधन' (इंडिया गठबंधन) भ्रष्टाचारियों की मंडली बन गए हैं।

नड्डा ने भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल के लिए प्रचार करते हुए कहा, कुछ जेल में हैं, जबकि कुछ जमानत पर हैं।

नड्डा ने परोक्ष तौर पर केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्षों पूर्व, उन्होंने पहले कहा था कि वे कोई पार्टी नहीं बनाएंगे, चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन



बाद में उन्होंने एक पार्टी बनायी और चुनाव लड़ा।

नड्डा ने कहा, उन्होंने (केजरीवाल) कहा था कि वह कांग्रेस से कभी हाथ नहीं मिलाएंगे, लेकिन वह भी हुआ। फिर, उन्होंने कहा कि वे भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं होंगे। अब, उनमें से तीन (आप नेता) जेल में हैं।

इसके बाद नड्डा ने आप सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की गिरफ्तारी की ओर इशारा किया।

इस मामले में केजरीवाल पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा, जो लोग महिलाओं के सम्मान की बात करते थे, उनके घरों के अंदर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और नेता (केजरीवाल) चुप्पी साधे रहते हैं। उन्होंने कहा, मुझे बताइये, क्या आप इस तरह के लोगों को आगे आने देंगे (क्या आप उन्हें वोट देंगे)? आप उन्हें सबक सिखाएंगे या नहीं? आप उन्हें घर बैठाएंगे या नहीं? (उन्हें चुनाव में हराएंगे)। उन्होंने कहा, वे मीठी बातें कर सकते हैं लेकिन उनके कृत्य बहुत गंदे हैं।

केजरीवाल द्वारा घोषित दिल्ली में भाजपा मुख्यालय तक आप के प्रस्तावित विरोध मार्च का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि उन्हें पता चला है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री कह रहे हैं, मुझे गिरफ्तार करो, मुझे गिरफ्तार करो..। उन्होंने कहा, पहले आप उच्चतम न्यायालय में 'मुझे बचाओ, मुझे बचाओ' कहने के लिए याचिका दायर करो। और अगर आप (जमानत पर) बाहर आ गए हो तो यह एक जून तक (वैध) है। अब, वह (केजरीवाल) कह रहे हैं 'मुझे गिरफ्तार करो, मुझे गिरफ्तार करो'। मैं कह रहा हूं कि अपनी जमानत रद्द करो और वापस (जेल) जाओ।

केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन और संजय सिंह जैसे आप नेताओं को जेल भेजने का 'खेल खेलने' का आरोप लगाया है।

केजरीवाल ने शनिवार को कहा था, मैं अपने विधायकों और सांसदों के साथ कल दोपहर में भाजपा कार्यालय जाऊंगा ताकि प्रधानमंत्री जिसे चाहें जेल भेज सकें।

## विभाजन के 10 साल बाद भी आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच अनसुलझे हैं कई मुद्दे

हैदराबाद/भाषा। विभाजन के दस साल बाद भी आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच संपत्तियों के बंटवारे, बिजली बिल बकाया जैसे कई मुद्दे अनसुलझे हैं। हालांकि, हैदराबाद दो जून से दोनों राज्यों की साझा राजधानी नहीं रहेगा, यह केवल तेलंगाना का राजधानी शहर रह जाएगा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 के अनुसार दो जून के बाद से हैदराबाद पूरी तरह से तेलंगाना का होगा।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दोनों राज्यों के बीच आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की अनुसूची-9 और अनुसूची-10 में सूचीबद्ध विभिन्न संस्थानों और निगमों का विभाजन अब तक पूरा नहीं हुआ है क्योंकि कई मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई है।

इन कंपनियों और निगमों में आंध्र प्रदेश राज्य बीज विकास निगम, आंध्र प्रदेश राज्य कृषि औद्योगिक विकास निगम और आंध्र प्रदेश राज्य भंडारण निगम जैसी राज्य-संचालित कंपनियां तथा निगम शामिल हैं। अधिनियम की 10वीं अनुसूची में आंध्र प्रदेश राज्य सहकारी संघ, पर्यावरण संरक्षण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, आंध्र प्रदेश वन अकादमी, सुशासन केंद्र और आंध्र प्रदेश पुलिस अकादमी जैसे 107 प्रशिक्षण संस्थान/केंद्र शामिल हैं।

# विकास ही मुख्य मुद्दा, पीएम हिन्दू-मुसलमान नहीं कर रहे, बल्कि विपक्षी दलों की सच्चाई बता रहे : धामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए विकास ही सबसे बड़ा मुद्दा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर इन चुनावों में 'हिंदू-मुसलमान' करने के संबंध में लग रहे आरोपों को सरासर गलत ठहराते हुए कहा कि हकीकत यह है कि वह (मोदी) विपक्षी दलों की 'सच्चाई' देश को बता रहे हैं। एक साक्षात्कार में धामी ने दावा किया कि पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी की 'लहर' है और इसमें रत्ती भर संदेह नहीं कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 सीट जीतेगा और मोदी लगातार तीसरी बार देश की कमान संभालेंगे।

उन्होंने कहा, जमीनी सच्चाई यही है कि प्रधानमंत्री मोदी जी एक लहर चल रही है पूरे देश में। वह सब पर भारी हैं। दक्षिण के राज्यों में भी भीषण गर्मी में लोग लाखों की संख्या में उन्हें सुनने और देखने को आ रहे हैं। तेलंगाना हो या बंगाल हो या फिर ओडिशा, पिछले चुनाव की तुलना में हमारी सीट बहुत ज्यादा संख्या में बढ़ने वाली है। राजग 400 पार होगा और मोदीजी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे... इसमें कोई शक नहीं। इसकी वजह पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, देश की जनता ने प्रधानमंत्री द्वारा किए



गए कामों को देखा है। उन्होंने देश के लिए जो तपस्या की है, तो लोग भी उन्हें उस तपस्या का परिणाम देने को उत्सुक हैं। महिलाएं और युवा वर्ग में तो उन्हें लेकर गजब का उत्साह देखने को मिलता है। धामी ने इस क्रम में कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने, पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक की समाप्ति और नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) जैसे फैसलों और जन-धन से लेकर किसान सम्मान और गरीब कल्याण तक केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों को परिवार मानकर काम किया है।

यह पूछे जाने पर कि जब सब कुछ राजग के पक्ष में है, तो फिर प्रधानमंत्री पर चुनाव के दौरान 'हिन्दू-मुसलमान' करने के आरोप क्यों लगते हैं, इसपर धामी ने कहा , हमारा मुख्य मुद्दा विकास ही है, लेकिन साथ ही विपक्षी दलों की सच्चाई जनता के समक्ष रखना भी पार्टी का दायित्व है। उन्होंने कहा, जब कांग्रेस का घोषणापत्र जारी हुआ और कांग्रेस के नेताओं के बयान आए... 'इंडी' गठबंधन के लोगों के बयान आए... तो ये बातें देश को बताना जरूरी हो गया। वही बातें प्रधानमंत्री ने देश को बताना शुरु किया, तो इन लोगों को लगता है कि विकास मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा, हमारा मुख्य मुद्दा विकास ही है, लेकिन देश को विपक्षी दलों की सच्चाई भी पता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का घोषणापत्र जारी होता है, तो देश के अंदर समान नागरिक संहिता का संकल्प सामने आता है, जबकि कांग्रेस का घोषणापत्र सामने आता है, तो उसमें 'पर्सनल लॉ' का उल्लेख होता है।

उन्होंने कहा, पर्सनल लॉ तो उसी में होता है... ऐसा लगता ही नहीं है कि यह कांग्रेस का घोषणापत्र है। स्पष्ट है कि तुष्टीकरण के लिए लाया गया है। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा में न जाना, सनातन को गाली देना, लालू जी (लालू प्रसाद) का मुसलमानों के लिए आरक्षण की बात करना, कर्नाटक में आप ओबीसी में एक वर्ग विशेष को ले आए हैं। संयुक्त आंध्र में यह काम पहले कर चुके हैं...देश की जनता को यह सब सच्चाई बताना भी जरूरी है। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली के विभिन्न इलाकों में लगातार चुनाव प्रचार कर रहे धामी ने दावा किया कि भाजपा उत्तराखंड के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी की सभी सीट पर जीत दर्ज करेगी।

## शिविर



मुंजनी फार्म ग्राउंड सिंगनपोर रोड में शारीरिक और मानसिक समस्याओं से उबरने के लिए सन टू ह्यूमन फाउंडेशन द्वारा 18 मई से 23 मई 2024 तक आयोजित 'नये दृष्टि वाला शिविर' में व्यायाम करते लोग।

बारिश





रविवार को दक्षिण कर्नाटक के सभी जगहों पर अच्छी बारिश हुई। बेंगलूरु में भी कई जगहों पर अच्छी बारिश सुबह व शाम को हुई। कई जगह पेड़ भी गिरे और निचले इलाकों में काफी पानी भर गया। चिकमंगलूरु में एक दीवार गिर गई जिससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। भारी बारिश के कारण चिक्कबलापुर में भी पेड़ और बिजली के खंभे गिरे जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

# एअर इंडिया एक्सप्रेस विमान के यात्रियों ने बयां किया इंजन में आग लगने के बाद का मंजर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोच्चि। बेंगलूरु हवाई अड्डे पर शनिवार रात को आपात स्थिति में उतारे गए कोच्चि जाने वाले एअर इंडिया एक्सप्रेस विमान में सवार यात्रियों ने बताया कि किस तरह विमान के एक इंजन में आग लगने के बाद अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। यात्रियों में अधिकांश बेंगलूरु से विमानन कंपनी के दूसरे विमान से रविवार दोपहर के आसपास कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे।

यहां हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए यात्रियों ने कहा कि बेंगलूरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (केआईए) से उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद आग लगने की सूचना मिलने पर वे घबरा गए। एक बुजुर्ग महिला यात्री ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, हर कोई डर गया और जोर-जोर से रोने लगा। उन्होंने केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग के तुरंत बाद उन्हें विमान से निकालने में दिखाई गई जिम्मेदारी के लिए चालक दल की सराहना की।

उन्होंने कहा, वे बहुत जिम्मेदार थे। उन्होंने बाहर निकलने में हमारी मदद की। उन्होंने हमें बचाने के लिए हर संभव कोशिश की। हम उनके आभारी हैं। एक अन्य बुजुर्ग महिला ने कहा कि आग लगने के बाद विमान के अंदर जोर-जोर से चीख-पुकार मच गई और लैंडिंग



के तुरंत बाद सभी लोग बाहर की ओर भागे। एक महिला यात्री ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि चालक दल ने उन्हें शांत रहने की सलाह दी और फिर जल्दी से बाहर निकलने का निर्देश दिया। एक पुरुष यात्री ने कहा कि उड़ान भरने के पांच मिनट बाद आग देखी गई। उन्होंने कहा, इसके तुरंत बाद, आपातकालीन लैंडिंग की गई। हम सभी आपातकालीन निकास द्वार से बाहर निकल गए।

एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि इंजन में आग लगने से पहले चार या पांच चिंगारियां उठी थीं। हालांकि, यात्रियों ने कोच्चि की यात्रा के लिए दूसरे विमान की व्यवस्था करने में कथित देरी के कारण निकासी के बाद हवाई अड्डे पर होने वाली कठिनाइयों के बारे में शिकायत की। महिला यात्री ने कहा, हमें वास्तव में अपने हैंड बैग हासिल करने में मुश्किल हुई, जिसमें महत्वपूर्ण चीजें थीं। सौभाग्य से, हम सभी को हमारे हैंड बैग मिल गए, लेकिन मुझे अब भी मेरा चेक-इन' सामान नहीं मिला है। एयरलाइन कर्मियों ने वादा किया था कि वे इसे मेरे घर पर पहुंचा देंगे। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने एक बयान में कहा कि सभी यात्रियों और चालक दल को निकाल लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ।

सूत्रों के मुताबिक, उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही आग का पता चल गया। उन्होंने कहा कि चालक दल के सदस्यों ने हवाई यातायात नियंत्रक को सतर्क किया और पूर्ण रूप से आपातकालीन स्थिति की घोषणा कर दी। केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे का प्रबंधन देखने वाली बीआईएएल ने एक बयान में कहा, 18 मई, 2024 को बेंगलूरु से कोच्चि जाने वाली उड़ान खद 1132 के एक इंजन में आग लगने की सूचना मिलने के कारण 23:12 बजे बीएलआर हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की गई। बेंगलूरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) के प्रवक्ता ने कहा कि लैंडिंग पर तुरंत आग बुझा दी गई, सभी 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को विमान से सफलतापूर्वक निकाल लिया गया है। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग के तुरंत बाद आग पर काबू पा लिया गया।

# मां के शव के पास अचेत हालत में तीन दिन तक पड़ी रही मानसिक रूप से बीमार महिला की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उडुप्पी। कर्नाटक में उडुप्पी जिले के एक घर में एक बुजुर्ग महिला का शव मिला, जहां मानसिक रूप से बीमार उसकी बेटी तीन दिन तक उसके पास अचेत हालत में पड़ी रही। बृहस्पतिवार की रात, पड़ोसियों ने गोपदी गांव के एक घर से दुर्गंध आती महसूस की। उसमें रहने वालों की कुशलता को लेकर चिंतित लोगों ने 62 वर्षीय जयंती शेट्टी से संपर्क करने की कोशिश की, जो वहां अपनी बेटी प्रगति शेट्टी (32) के साथ अकेली रहती थीं। लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर पड़ोसियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

पुलिस ने जब जबरन दरवाजा खोला तो पाया कि जयंती की तीन दिन पहले मौत हो चुकी है और घर में उसका शव पड़ा हुआ है। इसके अलावा, मानसिक रोग से पीड़ित उनकी बेटी प्रगति शेट्टी को अचेत पाया, जो तीन दिन तक अपनी दिवंगत मां के बगल में पड़ी रही।

पुलिस के अनुसार, जयंती मधुमेह और रक्तचाप से पीड़ित थीं तथा उनकी बेटी को भी मधुमेह था। प्रगति की हालत इतनी बिगड़ गई थी कि चिकित्सकों को उसका एक पैर कुछ महीने पहले काटना पड़ा था। उपयुक्त देखभाल के अभाव के कारण उसका मानसिक स्वास्थ्य खराब हो गया था।

पुलिस ने बताया कि प्रगति को पीने के लिए पानी दिया गया और तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उसे बचाने की कोशिशों के बावजूद शनिवार को उसकी मौत हो गई। घटना के सिलसिले में कुंडापुर पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है।

# जद (एस) सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु में सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली एक विशेष अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले में जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत ने प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में शनिवार को वारंट जारी किया। इस मामले में प्रज्ज्वल के पिता एवं होलेनरसीपुरा से विधायक एचडी रेवन्ना भी आरोपी हैं। पूर्व



प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पुत्र एचडी रेवन्ना एक महिला के अपहरण के मामले में सात दिन जेल में बिताने के बाद जमानत पर हैं।

हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार प्रज्ज्वल के खिलाफ तीन महिलाओं ने यौन उत्पीड़न के तीन मामले दर्ज कराए हैं। प्रज्ज्वल फिलहाल फरार हैं और उनके खिलाफ इंटरपोल ने ''ब्लू कॉर्नर नोटिस'' जारी किया है। हाल में बड़ी संख्या में ऐसे वीडियो सार्वजनिक हुए थे जिसमें प्रज्ज्वल को कथित तौर पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करते दिखाया गया। इसके बाद कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी की सिफारिशों पर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया।

# बेंगलूरु से कोच्चि जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान को आपात स्थितियों में उतारा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु से कोच्चि जा रहे एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान के एक इंजन में आग लगने के बाद उसे बेंगलूरु में आपात स्थितियों में उतारा गया। बेंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (बीआईएएल) ने रविवार को यह जानकारी दी। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने घटना के संबंध में एक बयान जारी करके कहा कि सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को विमान से सुरक्षित निकाल लिया गया और कोई भी घायल नहीं हुआ। सूत्रों के अनुसार, विमान के उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही एक इंजन में आग लगने का पता चला।

चालक दल के सदस्यों ने हवाई यातायात नियंत्रक को इसकी सूचना दी। इसके बाद विमान को यहां केंपेगौडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर आपात स्थिति में उतारा गया और आग पर काबू पाया गया। बीआईएएल के एक प्रवक्ता ने कहा, 18 मई 2024 को बेंगलूरु से कोच्चि जा रहे विमान के एक इंजन में आग लगने की सूचना के कारण उसे बेंगलूरु हवाई अड्डे पर रात 11 बजकर 12 मिनट पर आपात स्थितियों में उतारा गया। बीआईएएल ही केआईए के संचालन का जिम्मा संभालती है।

बीआईएएल के प्रवक्ता ने बताया कि पूर्ण पैमाने पर आपात स्थिति की घोषणा की गई और आग पर तत्काल काबू पाया गया। सभी 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को विमान से सुरक्षित निकाल लिया गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा, आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए नियामकों के साथ गहन जांच की जाएगी।

# अंजलि अंबिगेरा की हत्या से दुखी बहन ने किया आत्महत्या का प्रयास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। अंजलि अंबिगेरा की चार दिन पहले हुई नृशंस हत्या से दुखी उसकी बहन यशोदा अंबिगेरा ने आत्महत्या का प्रयास किया। उनकी दादी गंगम्मा अंबिगेरा ने यह जानकारी दी। गंगम्मा ने पत्रकारों से कहा कि अंजलि की कमी महसूस कर रही यशोदा ने फिनाइल पी ली। अंजलि की उसके पड़ोसी गिरीश सावंत ने 15 मई को चाकू मारकर हत्या कर दी थी क्योंकि अंजलि ने शादी के उसके प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया था।

गंगम्मा ने कहा कि यशोदा इसलिए भी दुखी थी क्योंकि उसे लगता था कि उसकी बहन को न्याय नहीं मिलेगा, क्योंकि गिरफ्तार आरोपी गिरीश सावंत को पुलिस हिरासत में सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा, यशोदा इस बात से परेशान थी कि उसकी बहन को न्याय नहीं मिल रहा है और उसका हत्यारा आराम का जीवन जी रहा है और उसे अस्पताल में अच्छा इलाज मिल रहा था। इसी वजह से उसने फिनाइल पी ली।

अब वह ठीक है। उन्होंने आरोपी के लिए मृत्युदंड की मांग की। इस बीच भाजपा ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ रही है। कर्नाटक के विपक्ष के नेता आर अशोक ने आरोप लगाया, बिगड़ती कानून-व्यवस्था के कारण हत्यारों को मौज-मस्ती का मौका मिल रहा है।



# भारी बारिश के कारण केरल के कई जिलों के लिए चेतावनी जारी, यात्रा पर प्रतिबंध

तिरुवनंतपुरम/दक्षिण भारत। केरल के कई हिस्सों में बारिश होने के कारण अधिकारियों ने रविवार को लोगों खासकर पहाड़ी और तटीय इलाकों में रहने वालों से सतर्कता बरतने का आग्रह किया। मौसम विभाग ने रविवार और सोमवार को लेकर पथानामथिट्टा, कोट्टायम और इडुक्की जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और चार अन्य जिलों तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा और एर्नाकुलम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम कार्यालय ने रविवार दोपहर एक बजे तक केरल के तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथानामथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, कन्नूर और कासरगोड जिलों में मेघ गर्जन के साथ एक या दो स्थानों पर मध्यम वर्षा और 40 किमी प्रति घंटा वाली धूलभरी आंधी की भविष्यवाणी की है। इडुक्की जिला कलेक्टर ने रेड और ऑरेंज अलर्ट वापस लेने तक रविवार से जिले के पहाड़ी इलाकों में रात के दौरान यात्रा करने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है।

एक अधिकारी ने कहा, ''प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल मजिस्ट्रेट, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी और तहसीलदारों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।''

भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए एर्नाकुलम और कोट्टायम जिलों में खुदाई करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। तिरुवनंतपुरम के दक्षिणी जिले में शनिवार रात भारी बारिश हुई, जिससे शहर और उसके उपनगरों में जल भराव होने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ। समाचार चैनलों पर दिखाये गए दृश्यों से पता चला कि कुछ हिस्सों में घरों और दुकानों में पानी भर गया है। 'स्मार्ट सिटी रोड' का काम पूरा नहीं होने से कई जगहों पर जल भराव की स्थिति हो गयी है। कुछ क्षेत्रों में, राजधानी शहर और उसके उपनगरों को पार करने वाली नहरें उफान पर हैं। जलभराव से प्रभावित लोगों ने आरोप लगाया कि नहरों और जल निकासी प्रणालियों की मानसून पूर्व सफाई के अभाव के कारण राजधानी शहर और उसके उपनगरों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई।

# बैंकिंग दिग्गज वाघुल का चेन्नई में अंतिम संस्कार किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.comच

`न्नई। वयोवृद्ध बैंकर और पद्म भूषण से सम्मानित नारायणन वाघुल का रविवार को यहां अंतिम संस्कार किया गया। उनका 18 मई को चेन्नई में निधन हो गया था। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पीरामल समूह के चेयरमैन अजय पीरामल, एशियन पेंट्स लिमिटेड के चेयरमैन आर शेषशायी, आईसीआईसीआई बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ संदीप बख्शी सहित अन्य लोगों ने वाघुल को यहां उनके घर पर अंतिम श्रद्धांजलि दी। वाघुल का स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण शनिवार दोपहर को निधन हो गया था। वह 88 वर्ष के थे।

वाघुल ने बैंकिंग उद्योग में कई शीर्ष पदों पर काम किया। उन्हें आईसीआईसीआई को एक सार्वजनिक वित्त संस्थान से एक निजी क्षेत्र के बैंक में बदलने का श्रेय दिया जाता है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास, महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने उनके निधन पर शनिवार को शोक व्यक्त किया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने रविवार को वाघुल के निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें कई महिलाओं को दिग्गज बैंकर बनाने का श्रेय दिया।

# अपनी ही बंदूक की गोली से सीआईएसएफ जवान की मौत

चेन्नई। पड़ोसी राज्य कर्नाटक के रहने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक 37 वर्षीय जवान की अपनी ही बंदूक से गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है कि रवि किरण ने खुद को गोली मारी या शनिवार को कर्नाटक जाने वाली बस में यात्रा करते समय गलती से बंदूक चल गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई को बताया, रवि किरण कर्नाटक के रहने वाले थे और शनिवार को जब यह घटना हुई तब वे कलपक्कम से अपने गृहनगर बेंगलूरु जा रहे थे। अधिकारी ने कहा, हथियार की स्थिति के बारे में रिपोर्ट मिलने के बाद ही हम मौत के कारण का पता लगा पाएंगे।

# तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में बारिश जारी

चेन्नई। तमिलनाडु के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने के बीच क्षेत्रीय मौसम कार्यालय ने रविवार को अपने पूर्वानुमान में कहा कि तेनकासी, तिरुनेलवेली और थेनी जिलों में भारी बारिश हो सकती है। रविवार को सुबह 8.30 बजे समाप्त हुई 24 घंटे की अवधि के दौरान, तिरुवन्नामलाई के जमुनामारथुर और कन्याकुमारी के पेचिपराई में क्रमश: 12 सेमी और 10 सेमी वर्षा हुई।

तमिलनाडु राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) ने उधगमंडलम (ऊटी), तेनकासी, होगेनक्कल और पश्चिमी घाट के अन्य स्थानों पर जाने वाले पर्यटकों को सुरक्षा निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार और सोमवार को तेनकासी, तिरुनेलवेली और थेनी जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। 'रेड अलर्ट'' अगले 24 घंटे में 20 सेमी से अधिक बारिश का संकेत देता है।

# दक्षिण तमिलनाडु में भारी बारिश, कन्याकुमारी में बांधों की हो रही निगरानी

चेन्नई। दक्षिण तमिलनाडु के इलाकों में इन दिनों हो रही भारी बारिश से लोग परेशान हैं। इस बीच कन्याकुमारी जिले में बांधों पर निगरानी रखी जा रही है। अग्निशमन एवं बचाव विभाग भी किसी भी संभावित बचाव अभियान के लिए तैयार है। कन्याकुमारी जिला अग्निशमन अधिकारी सत्यकुमार ने आईएएनएस को बताया, यदि बाढ़ आती है तो विभाग किसी भी बचाव अभियान के लिए तैयार है। सत्यकुमार ने लोगों से जल निकायों के पास न जाने की अपील की है। इसके अलावा उन्होंने बिजली गुल होने पर भी सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि लोग बिजली गुल होने की सूचना तत्काल स्थानीय बिजली दफ्तर को दें और अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं को भी सूचित करें। कन्याकुमारी जिले के नौ बांधों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अगर इन बांधों में पानी का प्रवाह ज्यादा हुआ तो कुछ बांधों के गेट खोल दिए जाएंगे। मौसम विभाग ने लोगों से कहा है कि विभाग की ओर से वर्तमान मौसम की स्थिति के बारे में दिये जा रहे सलाहों का पालन करें।

बरसात



रविवार को मैसूरु शहर में भी काफी बारिश हुई। गर्मी होने के कारण मैसूरु में पर्यटकों की काफी भीड़ रही। जिससे शाम को जीवन अस्त व्यस्त दिखा। बड़ी संख्या में सड़कों पर जाम रहा।

# आतंकियों की गोलीबारी में घायल हुए जयपुर के दंपति को हर संभव मदद दें अधिकारी : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राज्य के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की गोलीबारी में घायल हुए जयपुर के दंपति को हर संभव मदद दें। हवामहल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक बालमुकुंद आचार्य ने घायल दंपति के परिजनों से मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। तबरेज और फरहा अपने दो बच्चों के साथ जयपुर से जम्मू-कश्मीर घूमने गए थे। शनिवार रात अनंतनाग जिले के पहलगाम में आतंकवादियों की गोलीबारी में वे घायल हो गए।

उनके रिश्तेदार और दोस्त शहर के ब्रह्मपुरी इलाके में उनके आवास पर पहुंचे। तबरेज के पिता असलम खान ने यहां संवाददाताओं से कहा, उन्होंने दिन के समय पहलगाम घूमा और रात के खाने के लिए गए थे। टेंपो ट्रैवलर से उतरने के बाद वे एक रेस्तरां में जा रहे थे, तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग आए और गोलीबारी शुरू कर दी। फरहा के कंधे पर गोली लगी। उनके दो बच्चे भी उनके साथ थे।



उन्होंने बताया कि तबरेज का ऑपरेशन सुबह करीब तीन बजे किया गया जबकि फरहा का भी ऑपरेशन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम वहां जाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह हमें वहां जाने में मदद करे ताकि हम उनकी देखभाल कर सकें।

तबरेज की मां मजीदन ने कहा कि घटना का पता चलने के बाद से वह और परिवार के अन्य सदस्य दहशत में हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को परिवार को हर संभव मदद देने का निर्देश दिया। एक बयान में कहा गया, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अधिकारियों को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में गोलीबारी में घायल हुए जयपुर निवासी दंपति तबरेज और फराह को हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने घायल दंपति के परिवार के सदस्यों से फोन पर बात की और उन्हें मदद का आश्वासन दिया है। भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने घायल दंपति के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि यह घटना सभी के लिए चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में शांति और लोकतंत्र मजबूत हुआ है तथा आतंकी हमला करने वाले लोग इसे कमजोर करना चाहते हैं। आचार्य के परिवार के सदस्यों से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, आतंकवादियों का कोई धर्म या जाति नहीं होती, उनका केवल एक ही उद्देश्य होता है अशांति पैदा करना। उन्होंने परिजनों को सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## मकान का बरामदा ढह जाने से मां-बेटी की मौत

जयपुर। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के बडलियास थाना क्षेत्र में बीती रात एक मकान का बरामदा ढह जाने से मलबे में दबी एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई जबकि एक बच्ची घायल हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक सिद्धार्थ प्रजापत ने रविवार को बताया कि एक मकान का बरामदे के शनिवार देर रात अचानक ढह जाने से मलबे में दबी राधा (40) और उसकी बेटी सपना (13) की मौत हो गई जबकि आठ वर्षीय छोटी बेटी हादसे में घायल हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे के समय महिला का पति वहां मौजूद नहीं था। घायल बच्ची का अस्पताल में उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। इस संबंध में सीआरपीसी की धारा 174 के तहत मृग दर्ज कर जांच की जा रही है।

## अक्षय कुमार बालिकाओं के 'सुकन्या खाते' में राशि जमा करायेंगे

अजमेर। फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने राजस्थान में अजमेर जिले के मसूदा तहसील के देवमाली गांव की बालिकाओं की मदद की घोषणा करते हुए कहा कि वह 'सुकन्या समृद्धि खाते' में अपनी ओर से राशि जमा करायेंगे। अजमेर जिले के देवमाली गांव में फिल्म 'जॉली एलएलबी-3' शूटिंग करने यहां आये अक्षय ने शनिवार शाम को ग्रामीणों से कहा कि वह देवमाली गांव की सभी बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर 14 साल तक रकम जमा करवायेंगे। उन्होंने कहा कि गांवों में बालिका शिक्षा की कमी है।

## लू से बचाव के लिए सुनिश्चित करें माकूल प्रबंध, एसीएस चिकित्सा ने सभी जिला कलेक्टर्स को लिखा पत्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने तेज गर्मी एवं लू की स्थिति के दृष्टिगत सभी जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखकर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लू एवं तापघात से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की गहन मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए हैं।

सिंह ने पत्र में कहा है कि अत्यधिक गर्मी को देखते हुए मानव जीवन को सुरक्षित रखना हमारा प्रमुख दायित्व है। हीट वेव रिलेटेड बीमारियों के संबंध में भारत सरकार ने अलर्ट जारी किया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपातकालीन सेवाओं के संचालन हेतु विभिन्न बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, मॉक ड्रिल, तथा वी.सी. के माध्यम से सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अत्यधिक गर्मी एवं लू की स्थिति में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ ही व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित कर रहा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा है कि इन व्यवस्थाओं के संबंध में वन विभाग, राजस्थान पॉल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड, आपदा प्रबन्धन विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, महिला एवं बाल विकास, मौसम विभाग, स्थानीय निकाय विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य-योजना बनाया जाना अपेक्षित है। चिकित्सा संस्थानों में फायर एन.ओ.सी., पानी तथा बिजली की निर्बाध आपूर्ति, ऑक्सीजन तथा एम्बुलेंस की सुविधा अत्यंत आवश्यक है।



श्रीमती सिंह ने जिला कलेक्टर्स से अपेक्षा की है कि वे भामाशाहों, गैर-सरकारी संगठनों, धार्मिक ट्रस्टों को प्रेरित कर तथा संबंधित विभागों के जिलाधिकारीयों को उचित दिशा-निर्देश प्रदान कर लू एवं तापघात से बचाव के लिए माकूल इंतजाम सुनिश्चित करें। साथ ही, किसी तरह की आपात या असाधारण स्थिति उत्पन्न होने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा राज्य सरकार को तुरन्त अवगत कराएं।

## देश के विकास के लिए 'फिर एक बार मोदी सरकार' जरूरी : रामचरण बोहरा

जयपुर। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चांदोलिया के समर्थन में प्रचार किया। दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बोहरा ने कहा कि 2024 का ये लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। ये चुनाव विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने का चुनाव है। यह चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। यह चुनाव देश से भ्रष्टाचार को पूरी तरह उखाड़ फेंकने के लिए है। इस चुनाव में एक तरफ, राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेकर चलने वाली भाजपा है।







### पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह का आरोप

## पत्नी दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध उन्हें खाना नहीं देते, भरण पोषण देने की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। भरतपुर राज परिवार की लड़ाई एक बार फिर सामने आई है और मामला अब कोर्ट तक पहुंच गया है। पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने एसडीएम ट्रिब्यूनल कोर्ट में परिवाद दायर कर आरोप लगाए हैं कि उनकी पत्नी दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं । उन्हें खाना नहीं दिया जाता है किसी से मिलने नहीं दिया जाता है। उसके साथ-साथ उन्होंने भरण पोषण देने की भी मांग की गई है। परिवाद में पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने अपनी पत्नी दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

आरोपो का जवाब देते हुए पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह की पत्नी दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध ने प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि विश्वेंद्र सिंह के पास कोई काम धंधा नहीं है बस वह इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाकर हमें बदनाम करना चाहते हैं और यह लड़ाई पुश्तैनी जायदाद बचाने की है। बेटे अनिरुद्ध ने विश्वेंद्र सिंह पर आरोप लगाए कि वह लगातार पुश्तैनी जायदाद को बेच रहे थे और मोती महल को भी बेचने वाले थे ।

बस वहीं से यह लड़ाई शुरू हुई उसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमें घर भी संभालना है काम धंधे भी संभालने हैं ,लेकिन विश्वेंद्र सिंह के पास कोई काम धंधा है नहीं वह बस अपने 10-15 लोगों के साथ बैठकर इस तरह की रणनीति बनाकर हमको बदनाम करना चाहते हैं।

इस मामले में वह एसडीएम पर दबाव बनाना चाहते हैं। पहले भी कई बार राज परिवार के बीच झगड़े का मामला आया सामने। जहां ट्विटर पर पिता पुत्र के बीच जमकर घमासान हुआ। उसके बाद एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोपण का दौर चलता रहा और अब लड़ाई कोर्ट तक पहुंच गई।



## नियाती के जंगलों में चली 90 राउंड गोलियां, 4 साथियों समेत पकड़ा गया एक लाख का इनामी डकैत लुक्का

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

धौलपुर। जिला पुलिस को शनिवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। बसई डांग क्षेत्र के नियाती के जंगलों में मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक लाख के इनामी धर्मेंद्र उर्फ लुक्का को चार साथियों समेत गिरफ्तार किया है। इनमें दो अपराधी नाबालिग होने पर पुलिस ने निरुद्ध किया है। डकैत गैंग से पांच हथियार समेत 60 कारतूस भी बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बताया एडीजी क्राइम दिनेश एम एन के निर्देश में अपराधियों की धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया जिले का कुख्यात डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का विगत लंबे समय से फरार चल रहा था। डकैत को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का की गिरफ्तारी को लेकर एडीजी क्राइम द्वारा हाल ही में एक लाख का इनाम घोषित किया हुआ था। डकैत गैंग को पकड़ने के लिए पुलिस की डीएसटी, क्यूआरटी टीम समेत साइबर सेल विशेष निगरानी रख रही थी।

एसपी ने बताया शनिवार को धौलपुर पुलिस को जरिए मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का गैंग के समय नियाती के जंगलों में देखा गया है। मुखबिर की सूचना बाड़ी सीओ नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में डीएसटी, क्यूआरटी, बाड़ी, सदर बसई डांग, सोने का गुर्जा थाना पुलिस को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के लिए भेजा गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर डकैत गैंग को सरेंडर करने के लिए कहा था, लेकिन डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का और उसके सहयोगियों ने पुलिस को टारगेट कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

इधर, आत्मरक्षा में पुलिस ने भी डकैतों की गैंग पर फायरिंग की। पुलिस की तरफ से 50 और डकैतों की तरफ से करीब 40 राउंड फायरिंग की गई। फायरिंग के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का, डकैत रामबृज और रामू को दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो नाबालिग को निरुद्ध किया है।

पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बताया डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का गैंग से पुलिस ने पांच हथियार समेत 60 कारतूस बरामद किए हैं। डकैतों के कब्जे से तीन राइफल और दो 315 बोर के कट्टा बरामद किए हैं। अनुसंधान में और हथियार भी बरामद हो सकते हैं। एक लाख के इनामी डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का पर धौलपुर समेत मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में टोटल 37 आपराधिक मामले दर्ज हैं। डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का हत्या के प्रयास, लूट, रंगदारी, राज कार्य में बाधा, उद्धापन, मारपीट जैसे अभियोग दर्ज हैं। डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का पर मध्य प्रदेश की मुरैना जिला पुलिस भी पांच हजार का इनाम घोषित किया हुआ है। कुख्यात डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का डकैत रामब्रज और डकैत रामू का भारी पुलिस बल के साथ धौलपुर शहर में जुलूस निकाला गया है।

## किसानों की जमीन नीलाम करने के लिए छपे विज्ञापन मोदी की गारंटी की सच्चाई कर रहे हैं उजागर : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि हनुमानगढ़ जिले के अखबारों में किसानों की जमीन नीलाम करने के लिए छपे ये विज्ञापन मोदी की गारंटी की सच्चाई उजागर कर रहे हैं। गहलोत ने इस संबंध में अखबारों में छपे विज्ञापन को रविवार को सोशल मीडिया पर शेयर यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राजस्थान में अपने घोषणा पत्र के पेज संख्या 42 पर किसानों की जमीन नीलामी रोकना सुनिश्चित करने की बात कही थी परन्तु राजस्थान में किसानों की जमीन नीलामी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि इस किसान विरोधी भाजपा सरकार ने झूठे वादे कर सरकार बना ली पर इन्हें किसानों की कोई परवाह नहीं है। हमारी सरकार ने कृषि ऋण राहत आयोग बनाया था पर नई सरकार ने उसे भी क्रियाशील नहीं किया है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री से कहना चाहते हैं कि अविलम्ब आदेश देकर किसानों की भूमि की नीलामी रोककर किसानों को राहत दी जाए और आगे नीलामी ना हो सके इसके पुख्ता इंतजाम हों। उन्होंने कहा कि नवंबर 2020 में हमारी सरकार ने विधानसभा से बिल पास कर प्रावधान किया था कि किसानों की पांच एकड़ कृषि भूमि नीलाम नहीं होगी। राज्यपाल ने यह बिल केन्द्र सरकार से अनुमोदन के लिए भेज दिया था परन्तु अभी तक इसे केन्द्र सरकार से अनुमोदन नहीं मिला है। इसी वजह से 20 जनवरी 2022 को हमारी सरकार ने प्रशासनिक आदेश के माध्यम से उस समय कुछ बैंकों द्वारा शुरू की गई कृषि भूमि नीलामी पर रोक लगाई थी। गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल को नवंबर 2020 को विधानसभा में पारित हुए बिल का अविलंब केन्द्र सरकार से अनुमोदन करवाना चाहिए जिससे किसानों को राहत मिल सके।



## दिव्या मदेरणा और जोधपुर ग्रामीण पुलिस के बीच गहराया विवाद, कहा- बदले की राजनीति कर रहे हैं एसपी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। ओसियां की पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा और जोधपुर ग्रामीण पुलिस के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। धनारी कलां में गाड़ी तोड़ने के आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज न होने को लेकर पूर्व विधायक ने आईजी के समक्ष अपनी नाराजगी जाहिर की थी। शुक्रवार को पूर्व विधायक ने ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव के खिलाफ एक और मोर्चा खोल दिया है।

दो दिन पहले ग्रामीण एसपी के हैंडल से किए गए एक ट्वीट में गत वर्ष भोपालगढ़ कॉपरेटिव मार्केटिंग चुनाव वाले दिन दिव्या मदेरणा द्वारा जनप्रतिनिधि अधिनियम की धारा 133 का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था। इस पर शुक्रवार को पूर्व विधायक ने तीखे तेवरों के साथ कहा कि मैं इस मामले में अपने वकील के साथ जमानत करवाने के लिए जांच अधिकारी एएसपी भोपाल सिंह के पास गई थी लेकिन उन्होंने कहा कि अभी जांच चल रही है और यह साबित नहीं हुआ है।

पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि एसपी पहले भी राजनीतिक दबाव में थे और अब बदले की राजनीति कर रहे हैं। इस मामले में ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव से प्रतिक्रिया के लिए संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

### उद्घाटन



तखतगढ़ (पाली) में रविवार को विद्या भारती द्वारा संचालित रायगांधी आदर्श विद्या मंदिर के भवन का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

## राजस्थान में निर्मित उत्तर प्रदेश के महुआ में लगेगी 80 फुट ऊंची गोरखनाथ की मूर्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उत्तर प्रदेश के महुआ में बैठक मुद्रा में देश की सबसे ऊंची गुरु गोरखनाथ की मेटल से निर्मित 80 फुट ऊंची मूर्ति लगाई जायेगी। विश्व विख्यात मूर्तिकार राजकुमार पंडित राजस्थान की राजधानी जयपुर में इसका निर्माण कर रहे हैं। राजकुमार पंडित ने बताया कि मेटल से निर्मित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 25 फुट ऊंची प्रतिमा लखनऊ के लोकभवन में लगाने के बाद अब उन्हें उत्तरप्रदेश सरकार से एक और बड़ा ऑर्डर मिला है और अब वह महुआ में एक पहाड़ी की सबसे ऊंची चोटी पर गुरु गोरखनाथ की बैठक मुद्रा की मूर्ति लगाएंगे।

उन्होंने बताया कि करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से गुरु गोरखनाथ की बनने वाली इस मूर्ति का निर्माण कॉपर, लैड, जिंक एवं टिन के मिश्रण से किया जा रहा है। इसका वजन लगभग 70 टन होगा। उन्होंने बताया कि आकेड़ा डूंगर, जयपुर में स्थित उनकी वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में इस मूर्ति का निर्माण शुरू कर दिया गया है और करीब चार महीने में मूर्ति बनकर तैयार हो जायेगी। उन्होंने बताया कि तपस्या मुद्रा में बैठे गुरु गोरखनाथ और उनके आसपास बैठी गौमाता की मूर्तियां तैयार की जा रही है।

उन्होंने बताया कि मूर्ति के निर्माण में करीब 85 प्रतिशत कॉपर का इस्तेमाल होगा। इस कार्य के लिए 40 लोगों की टीम मूर्तिकार गणेश के दिशा-निर्देशन में दिन-रात काम कर रही है। राजकुमार पंडित ने बताया कि गुरू गोरखनाथ की बैठक मुद्रा में देश की सबसे ऊंची मूर्ति होगी।



यह कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जितना चुनौतीपूर्ण कार्य इस मूर्ति के निर्माण का है उससे कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण उसे पहाड़ी पर स्थापित करना होगा क्योंकि जिस लोकेशन पर मूर्ति लगाई जानी है वहां पैदल जाने का रास्ता भी नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार मूर्ति के फाउंडेशन को लेकर योजना बना रही है। वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में बनाई जा रही गुरू गोरखनाथ की मूर्ति के अलावा उतरप्रदेश के कई अन्य शहरों के लिए भी यहां मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। फांउडरी की प्रोपराइटर अंजली देवी पंडित ने बताया कि अगले तीन महीने में उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मीबाई, फतेहपुर सिकरी में महाराजा सूरजमल एवं चित्रकूट जिले में रामायण लिखते हुए गोस्वामी तुलसीदास की प्रत्येक साढ़े 12 फुट की मूर्तियां लगाई जा जाएंगी। इन तीनों मूर्तियों के निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। हाल में उतराखंड के जागेश्वर धाम में विशाल घंटी लगाई है। उन्होंने बताया कि चार मूर्तिकारों की टीम ने करीब ढाई फुट ऊंची एवं 130 किलो वजनी इस सिंगल पीस घंटी का निर्माण दो महीनों में पूरा किया। इसके अलावा वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में 15 देशों के लिए मूर्तियां तैयार की जा रही हैं।

उल्लेखनीय है कि राजकुमार पंडित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, वसुंधराराजे सिंधिया, राज्यपाल कलराज मिश्र सहित अनेक विभागों एवं संस्थाओं से सम्मानित हो चुके है।

# ‘आप’ नेताओं ने कभी निर्भया के लिए न्याय मांगा था, पर आज एक आरोपी का समर्थन कर रहे : मालीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी के सहयोगियों ने कभी निर्भया के लिए न्याय मांगा था लेकिन आज वे एक ऐसे व्यक्ति का समर्थन कर रहे हैं जिसने उनके साथ साथ मारपीट की है।

'आप' ने मालीवाल पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठे मामले में फंसाने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है।

स्वाति मालीवाल ने कहा कि अगर आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया आज यहां होते तो ''शायद मेरे लिए चीजें इतनी बुरी नहीं होतीं। सिसोदिया वर्तमान में आबकारी नीति मामले के संबंध में तिहाड़ जेल में बंद हैं।



मालीवाल ने आरोप लगाया कि जब वह 13 मई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं तो उनके निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की थी।

'आप' ने उनके आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए दावा किया है कि मालीवाल केजरीवाल को फर्जी मामले में फंसाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर काम कर रही हैं।

मालीवाल ने रविवार को कहा, एक समय था जब हम सब निर्भया को इंसाफ दिलाने के लिए सड़क पर उतरे थे, आज 12 साल बाद, हम एक ऐसे आरोपी को बचाने के लिए सड़क पर उतरे हैं जिसने सीसीटीवी फुटेज गायब किए और फोन से सब हटा दिया? काश उन्होंने इतना जोर मनीष सिसोदिया जी के लिए लगाया होता। वो यहां होते तो शायद मेरे साथ इतना बुरा नहीं होता!''

मालीवाल दस साल से अधिक समय पहले आप की स्थापना के समय से ही उससे जुड़ी हुई हैं।

पुलिस ने शनिवार को इस मामले में बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया था।

## बीएसएफ के जवानों ने 36 लाख रुपए का सोना जब्त किया

**अगरतला/भाषा।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिमी त्रिपुरा के निश्चिंतपुर इलाके में सोने की तस्करी के प्रयास को नाकाम करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ के जवानों ने विशेष सूचना के आधार पर शनिवार को निश्चिंतपुर सीमा चौकी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्थानों पर जाल बिछाया और सीमा के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को भारतीय सीमा में घुसते देखा। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वे बांग्लादेश से भारत की सीमा में घुस रहे थे। वे सीमा बाड़ को लांघते हुए पास के वन क्षेत्र में आ गए, लेकिन बीएसएफ के सतर्क जवानों ने उनमें से एक संदिग्ध तस्कर को पकड़ लिया जबकि दूसरा घने वन का फायदा उठाकर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान प्रशांत राय के पास से 36.6 लाख रुपए मूल्य की सोने की चार छड़ जब्त की गईं। संदिग्ध राय अमतली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किश्मतकुरी का निवासी है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति ने स्वीकार किया कि वह सोने की तस्करी करता था।



# अपने ‘घुसपैठिए’ वोट बैंक के डर से प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुए कांग्रेस, राजद नेता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेतिया/भाषा।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता अपने ''घुसपैठिए'' वोट बैंक के डर से राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए थे।

बिहार के बेतिया में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, कांग्रेस और राजद शुरू से ही अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के खिलाफ थे। समारोह के लिए उन्हें निमंत्रण दिया गया, लेकिन वे अपने 'घुसपैठिए' वोट बैंक के डर से समारोह में नहीं आए।

शाह ने कांग्रेस और राजद नेताओं पर आरोप लगाया कि वे डरे हुए थे कि समारोह में शामिल होने से उनका 'वोट बैंक' नाराज हो जाएगा। उन्होंने पाकिस्तान की परमाणु शक्ति के बारे में बयान देने पर कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष की आलोचना की और कहा, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और उनके सहयोगी दल के नेता फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसीलिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की बात मत करो। हम भाजपा के कार्यकर्ता परमाणु बम से नहीं डरते। मोदी की गारंटी है कि पीओके भारत का है, हमेशा रहेगा और हम इसको लेकर रहेंगे।

शाह ने लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राजद पर मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध करने वाली कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह विरोध केवल लालू के बेटे तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए किया गया था। उन्होंने पिछड़े वर्ग के लोगों का सम्मान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत का भरोसा जताया।

## देश में 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार : टीएमसी

**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अमित मित्रा ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विभिन्न मुद्दों पर किए गए वादों को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि देश के बेरोजगारों में 83 प्रतिशत युवा हैं। मित्रा ने अपनी पार्टी के रुख को दोहराया कि टीएमसी 'इंडिया गठबंधन' के साथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी को फटकार लगाना और अधीर का प्रत्युत्तर उनका आंतरिक मामला है। ममता बनर्जी की कैबिनेट में पूर्व में वित्त मंत्री रहे मित्रा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया, देश में बेरोजगार लोगों में से लगभग 83 प्रतिशत युवा पुरुष और महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, शिक्षित युवा पुरुषों और महिलाओं में से दो तिहाई बेरोजगार हैं। उन्होंने दावा किया कि कुशल श्रमशक्ति तैयार करने के लिए राजग सरकार के कौशल भारत कार्यक्रम ने वांछित नतीजे नहीं दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के केवल 4 प्रतिशत युवा ही व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न मुद्दों पर मोदी की गारंटियां वास्तव में पूरी नहीं हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि देश में हर घंटे महिलाओं के खिलाफ 51 अपराध होते हैं।

# इस चुनाव में एक धारा राम भक्तों की, दूसरी राम द्रोहियों की : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**प्रयागराज/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि इस चुनाव में दो धाराएं स्पष्ट हो चुकी हैं, एक रामभक्तों, राष्ट्र भक्तों, विकास की है तो दूसरी राम द्रोहियों, भारत विरोधियों, गरीब कल्याण विरोधियों की है जो आतंकवाद को पनपने देते हैं और देश के साथ गद्दारी करते हैं।



फूलपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में बहरिया के सिकंदरा रउजा गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, जब भी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) का गठबंधन होता है, जब भी दो लड़कों की जोड़ी मिलती है तो कोई न कोई अनर्थ करने के लिए मिलती है। उन्होंने कहा, जब सपा प्रदेश में और कांग्रेस केंद्र की सत्ता में थी तब अयोध्या में राम जन्मभूमि पर आतंकी हमला हुआ। काशी में संकट मोचन मंदिर पर आतंकी हमला हुआ। अखिलेश एक ओर राम भक्तों पर गोली चलाने का समर्थन करते हैं, दूसरी ओर आतंकियों पर दायर मुकदमों को भी वापस लेते हैं। फूलपुर के पड़िला महादेव में विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' की संयुक्त रैली में भाषण दिए बगैर अखिलेश यादव और राहुल गांधी के वापस लौटने पर चुटकी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, दो लड़कों की जोड़ी यहां से बैरंग लौटी है। यह जोड़ी यहां जोर आजमाइश करने आई थी, लेकिन फूलपुर की जनता ने उन्हें आसमान दिखा दिया है।

सपा के एक नेता ने बताया कि मंच पर भारी भीड़ के चढ़ने की वजह से पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सभा को संबोधित नहीं किया और वे वापस चले गए।

योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की पूर्ववर्ती सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, इस पूरे प्रयागराज क्षेत्र में जिन लोगों ने वसूली के केंद्र खोले थे, गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर रहे थे, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए जो खतरा बने हुए थे, वे अब मिट्टी में मिल गए हैं। उन्होंने कहा, इससे प्रदेश ही नहीं पूरा देश खुश है लेकिन सपा के यहां मातम है। उनको न आपकी और न प्रदेश की चिंता नहीं थी। उनको अपनी राजनीति की चिंता थी। सपा और कांग्रेस के लोग देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, पहले गरीबों की कल्याणकारी योजनाएं ये माफिया डकार जाते थे और गरीब को राशन नहीं मिलता था। गरीब का मकान सपा के गुंडे हड़प लेते थे।

# ओलंपिक चयन ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं मनु भाकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में सबसे सफल निशानेबाज रहीं, उन्होंने रविवार को यहां अंतिम दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 मैच में जीत हासिल की।

मनु की दो स्पर्धाओं के ट्रायल में यह चौथी जीत रही। उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के ट्रायल भी जीते।

मनु ने ओएसटी टी4 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 240.8 का स्कोर बनाया। उन्होंने हांग्झोउ एशियाड की चैम्पियन पलक को 4.4 अंक से पछाड़ा। रिदम सांगवान ने तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले इलावेनिल वलारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल ओएसटी टी4 में 254.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर चीन की हान जियायू के इस महीने बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप में बनाए गए 254.0 के मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.3 अंक अधिक रहा।



रमिता (253.3) और मेहुली घोष (230.3) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

दिव्यांश पंवार ने पुरुषों की एयर राइफल ओएसटी टी4 में 253.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.4 कम रहा। अर्जुन बबूता (250.0) और रुद्रांक्ष पाटिल (229.5) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में रविंदर सिंह 242.2 के स्कोर से विजेता रहे। वरुण तोमर (239.4) दूसरे और सरबजोत सिंह (218.9) तीसरे स्थान पर रहे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ पेरिस ओलंपिक के लिए टीम चुनने के लिए दिल्ली और भोपाल में पिस्टल और राइफल में चार ट्रायल्स की सीरीज आयोजित कर रहा है।

## छत्तीसगढ़ में चलती ट्रेन पर लोहे का खंभा गिरने से तीन यात्री घायल

**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बाहरी इलाके में रविवार को एक चलती ट्रेन के डब्बे पर पटरी के पास स्थित लोहे का खंभा गिर गया, जिससे इस घटना में कम से कम तीन यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई, जब लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) जाने वाली शालीमार एक्सप्रेस रायपुर के निकट उरकुरा रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पटरी के किनारे स्थित लोहे का खंभा चलती ट्रेन पर गिर गया, जिससे ट्रेन के वातानुकूलित डिब्बे की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने बताया कि इस घटना में तीन यात्री घायल हो गए।

# सात्विक और चिराग ने थाईलैंड ओपन खिताब जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बैंकॉक/भाषा। भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन पुरुष युगल खिताब जीत लिया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21-15, 21-15 से जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों की चैम्पियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा और कैरियर का नौवां बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे।

चिराग ने जीत के बाद कहा, बैंकॉक हमारे लिए खास है। हमने 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरिज और फिर थॉमस कप जीता था। सात्विक ने कहा, उम्मीद है कि इस जीत के बाद आने वाले टूर्नामेंटों में भी हम लय कायम रखेंगे।



पेरिस ओलंपिक के बारे में पूछने पर चिराग ने कहा, हम ही नहीं सभी खिलाड़ी वहां पदक जीतने ही जाना चाहते हैं। उम्मीद है कि हम वहां भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

सात्विक और चिराग आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में हार गए थे। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियाई चैम्पियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। वे एक भी गेम गंवाए बिना थाईलैंड ओपन फाइनल में पहुंचे थे। लियू और चेन ने भी फाइनल तक के सफर में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन भारतीय जोड़ी के शानदार फॉर्म का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

सात्विक और चिराग ने जल्दी ही 5-1 की बढत बना ली। इसके बाद चेन और लियू ने लगातार चार अंक लेकर वापसी की। जब स्कोर 7-7 था तब चीनी जोड़ी ने 39 शॉट की रेली लगाई और 10-7 से बढत बना ली। उन्होंने कुछ लंबी रेलियां लगाई लेकिन चिराग ने तूफानी रिटर्न के जरिये स्कोर 10-10 कर लिया। ब्रेक के बाद सात्विक और चिराग ने 14-11 की बढत बनाई। यह बढत जल्दी ही 16-12 की हो गई। चीनी जोड़ी ने तीन अंक बनाए लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार पांच अंक लेकर गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने 8-3 के साथ शुरुआत की और ब्रेक तक पांच अंक की बढत बनाए रखी। चेन और लियू ने तीन अंक लगातार बनाए लेकिन सात्विक ने उनकी लय तोड़ी। जब स्कोर 15-11 था तब सात्विक को खेल में विलंब करने पर चेतावनी मिली और चिराग ने दो अंक गंवाए जिससे चीनी जोड़ी ने 15-14 की बढत बना ली।

## असम में 105 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को बताया कि कछार जिले में 105 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिबंधित मादक पदार्थ का वजन दस किलोग्राम से अधिक है।

उन्होंने बताया कि यह पड़ोसी राज्य से लाया जा रहा था। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 105 करोड़ रुपए की कीमत का मादक पदार्थ बरामद। मादक द्रव्य के तस्करों पर कार्रवाई करते हुए कछार पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया और पड़ोसी राज्य से लाई गई 10.333 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। उन्होंने मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने और यह सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि युवा ऐसे जाल में न फंसें।

# कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को कभी धर्म के अधार पर आरक्षण नहीं दिया : जयराम रमेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पटना/भाषा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि कर्नाटक सहित वे राज्य जहां उनकी पार्टी की सरकार रही है, वहां कभी भी अल्पसंख्यकों को आरक्षण धर्म के अधार पर नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर दिया गया।

पटना स्थित कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयराम रमेश ने यह बात कही। उन्होंने कहा, हम उस संविधान का पालन करते हैं जो धर्म के आधार पर आरक्षण और नागरिकता देने की अनुमति नहीं देता है। यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है जिसने नागरिका (संशोधन) अधिनियम जो धार्मिक आधार पर नागरिकता देने के अलावा और कुछ नहीं है, के जरिए संविधान का उल्लंघन किया है। इसे अदालत में चुनौती दी गई है।



अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव ने रमेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित भाजपा नेताओं के आरोपों उन आरोपों का जवाब दे रहे थे जिसमें भाजपा ने कहा था कि कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग और दलितों के लिए निर्धारित आरक्षण छीनकर अपने 'वोट बैंक' मुसलमानों को देने जा रही है। रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी वास्तविक मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए ''एक के बाद एक झूठे बयान दे रहे हैं'' और दावा किया, वह इस एहसास से हताशा हैं कि वह एक निवर्तमान (निवर्तमान) प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन 'इंडिया' लोकसभा चुनाव में ''निर्णायक जनादेश'' हासिल करने की राह पर है, बिल्कुल उसी तरह जिस तरह 2004 में हमने राज्य विधानसभा चुनावों में हार के बाद वापसी की थी। यह कहा जा रहा था कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा को हराया नहीं जा सकता।

रमेश ने मोदी को चुनौती दी कि वे ''जाति जनगणना, किसानों की कर्ज माफी, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और चीन की सेना के भारतीय सीमा में दाखिल होने'' के मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ें।

# निजता के उल्लंघन को लेकर आईपीएल प्रसारक पर भड़के रोहित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि ‘एक्सक्लूजिव’ और ‘व्यूज’ के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।

रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई थी। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर आ रहे थे।



रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है। उन्होंने आगे लिखा, क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है। चाहे हम निजी तौर पर अपने दोस्तों, साथी खिलाड़ियों से अभ्यास या मैच के दिन बात कर रहे हों।

दर्शकों की संख्या बढाने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया पर मची होड़ से निराश भारतीय कप्तान ने कहा, एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।

रोहित ने नायर से बातचीत के दौरान प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी।

# सनराइजर्स ने पंजाब किंग्स को चार विकेट से शिकस्त दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद/भाषा। अभिषेक शर्मा की अगुवाई में बल्लेबाजों की बेखौफ पारियों से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार के यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की।

मैन ऑफ द मैच अभिषेक ने 28 गेंद की पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाने के साथ दूसरे विकेट के लिए राहुल त्रिपाठी (33) के साथ 30 गेंद में 72 और तीसरे विकेट के लिए नीतिश कुमार रेड्डी (37) के साथ 31 गेंद में 57 रनों की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी।



पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 214 रन बनाए लेकिन सनराइजर्स ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 215 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की।

इस जीत से सनराइजर्स के 14 मैचों में 17 अंक हो गए जबकि पंजाब का अभियान 10 अंकों के साथ नौवें पायदान पर खत्म हुआ।

सनराइजर्स की टीम तालिका में अभी दूसरे स्थान पर है लेकिन उसका इस स्थान पर बने रहना शाम को राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच खेले जाने वाले मैच के परिणाम पर निर्भर करेगा।

त्रिपाठी ने 18 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े जबकि रेड्डी ने 24 गेंद की पारी में तीन छक्के और एक चौके की मदद से 37 रन का योगदान दिया। उन्होंने क्लासेन के साथ चौथे विकेट के लिए 23 गेंद में 47 रन की साझेदारी की। क्लासेन ने 26 गेंद में 42 रन की पारी के दौरान तीन चौके और दो छक्के लगाए।

अर्शदीप सिंह ने 37 रन और हर्षल पटेल ने 49 रन देकर दो-दो विकेट लिए। पंजाब के लिए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की 45 गेंद में 71 रन की पारी के अलावा पहले विकेट के लिए अथर्व तायडे के साथ 55 गेंद में 97 और दूसरे विकेट के लिए रिली रोसेयु के साथ 32 गेंद में 54 रन की साझेदारी की। उन्होंने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और चार छक्के जड़े।

तायडे और रोसेयु दोनों अपना अर्धशतक पूरा करने से चूक गए। तायडे ने 27 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 46 तो वही रोसेयु ने 24 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 49 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन के इंग्लैंड लौटने के कारण टीम की अगुवाई कर रहे जितेश शर्मा ने आखिरी ओवरों में 15 गेंद में नाबाद 32 रन बनाकर टीम के स्कोर को 214 रन तक पहुंचाया।

### सुविचार

**हम अपनी जिंदगी में हर किसी को अहमियत देते है, क्योंकि जो अच्छे होंगे वो साथ देंगे और जो बुरे होंगे वो सबक देंगे।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# मंदिर : एक वरदान

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ द्वारा दिए गए इस सुझाव पर विचार किया जाना चाहिए कि मंदिरों में पुस्तकालय भी स्थापित किए जाएं। उन्हीं के शब्दों में – 'मंदिर केवल ऐसे स्थान नहीं होने चाहिएं, जहां बुजुर्ग भगवान का नाम जपने के लिए आएं, बल्कि इन्हें समाज में परिवर्तन लाने का स्थान भी बनना चाहिए।' निस्संदेह मंदिर–निर्माण का प्रमुख उद्देश्य तो भगवान की पूजा करना ही होता है, लेकिन भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं में 'पूजा' का अर्थ अत्यंत व्यापक है। नर सेवा को नारायण सेवा यूं ही नहीं कहा गया है। मंदिरों के साथ सेवा और समाजोत्थान संबंधी कार्यों का लंबा इतिहास है। उदाहरण के लिए, हनुमानजी के ऐसे कई मंदिर हैं, जिनके एक हिस्से का उपयोग भगवान के पूजन और भजन–कीर्तन के लिए होता है, वहीं दूसरे हिस्से में व्यायामशाला चलाई जाती है। इस तरह मंदिर के माध्यम से आध्यात्मिक–लाभ और शारीरिक बल, दोनों प्राप्त होते हैं। हनुमान चालीसा में भी भगवान से बल, बुद्धि और विद्या की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की गई है – 'बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन कुमार। बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं, हरहु कलेस बिकार।' अगर सभी मंदिरों को सेवा और समाजोत्थान के कार्यों से जोड़ दिया जाए तो देश में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। मंदिरों के साथ पुस्तकालय भी शुरू कर दिए जाएं तो इससे लोगों, खासकर युवाओं को बहुत लाभ होगा। स्कूल, कॉलेज और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कर रहे बच्चों के लिए संसाधनों की कमी नहीं रहेगी। वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाएंगे और सनातन धर्म के साथ उनका जुड़ाव भी मजबूत होगा।

इन दिनों जिस तरह परिवार टूट रहे हैं, कई घरों में अशांति का वातावरण बना हुआ है, रिश्तों में टकराव पैदा हो रहा है, वहां 'शिव मंदिर' इन परिवारों को एकजुट रखने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण सिद्ध हो सकते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि शिवजी का परिवार प्रेमपूर्वक रहना भी सिखाता है। इसी परिवार के सदस्यों में नंदी, सर्प, सिंह, मूषक और मोर शामिल हैं, जो एक–दूसरे से भिन्न स्वभाव के होते हैं, लेकिन शिवजी की कृपा से ये अत्यंत प्रेम से रहते हैं। शिव–मंदिर के प्रांगण में बुजुर्गों, संतों और मनोवैज्ञानिकों के व्याख्यान व परामर्श सत्र आयोजित किए जा सकते हैं, जिनमें रिश्तों को निभाना, परिवार में समन्वय पैदा करना और मुश्किल हालात का मिलकर सामना करना सिखाया जाए। आज जिस तरह तलाक के मामले बढ़ते जा रहे हैं, अगर युवक–युवतियों को विवाह से पहले ही भावी जीवन के लिए 'प्रशिक्षित' कर दिया जाए तो परिवारों में ऐसी 'अप्रिय' घटनाओं को काफी हद तक टालने में मदद मिलेगी। हमारे मंदिर आमजन के स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़े वरदान बन सकते हैं। प्राय: मंदिरों की भूमि के एक हिस्से में पेड़–पौधे लगाए जाते हैं। अगर प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद के जानकार श्रद्धालु सहयोग करें तो वहां औषधीय पौधे लगाए जा सकते हैं। ऐसे पौधों पर क्यूआर कोड लगाकर उन्हें इंटरनेट से जोड़ा जा सकता है और लोगों को उनके बारे में विस्तृत जानकारी आसानी से मिल सकती है। यहां चिकित्सक समय–समय पर शिविर लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा कर सकते हैं। दुनिया को वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग जैसे खतरे गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। इन खतरों को पौधे लगाने के साथ ही सौर ऊर्जा को अपनाकर टाला जा सकता है। सनातन धर्म में सूर्यदेव की जो महिमा बताई गई है, उससे पर्यावरण संरक्षण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। अगर मंदिरों में प्रकाश व्यवस्था से लेकर प्रसाद तैयार करने तक, विभिन्न कार्यों के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाए और श्रद्धालुओं को इसकी जानकारी देते हुए प्रोत्साहित किया जाए तो कुछ ही वर्षों में हर घर सौर ऊर्जा से जगमगाने लगेगा। हमारे मंदिर दुनिया पर मंडरा रहे कई तरह के संकटों और समस्याओं से मुक्ति दिला सकते हैं। बस, उनकी शक्ति व सामर्थ्य का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग करने की जरूरत है। इससे उन कथित बुद्धिजीवियों को भी जवाब मिल जाएगा, जो 'दलील' देते हैं– 'मंदिर बन जाने से क्या हो जाएगा?'

### सामयिक

# क्या पीओके जल्दी ही भारत का अंग होगा?

**अशोक भाटिया**
**मोबाइल : 9221232130**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वसई (पालघर ) की अपनी जनसभा में कहा कि मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने दीजिए, अगले 6 महीने के अंदर 'पाक अधिकृत कश्मीर' भी भारत का हिस्सा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पाकिस्तान को पीओके को बचाना भी मुश्किल हो रहा है। ये नया भारत है, बिना रुके, बिना डिगे, बिना हटे और बिना डरे आज मोदी जी के नेतृत्व में विकास की यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय क्या होता था। आतंकवाद होता था। मुंबई में जब विस्फोट हुए तो कांग्रेस क्या कहती थी कि आतंकवादी सीमा पार के हैं। अरे सीमा पार के हैं तो आपकी मिसाइल कब के लिए हैं। जैसे मोदी जी ने एयर स्ट्राइक करके। सीधे पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवाद को पूरी तरह तबाह किया। सीएम योगी ने यह भी कि कहा ब्रिटेन के एक बड़े समाचार पत्र ने लिखा कि पाकिस्तान के अंदर पिछले तीन वर्ष के अंदर जितने बड़े दुर्दांत आतंकवादी थे, वे एक–एक करके मारे गए। मारने वालों में भारत की एजेंसी का हाथ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भई अब जो हमारे दुश्मन है, हम उसकी पूजा थोड़ी करेंगे। कोई हमारे लोगों को मारेगा, तो हम उसको पूजेंगे नहीं भई, हम भी वो ही करेंगे जिसका वो हकदार है।

इसके पूर्व भाजपा के कई बड़े नेताओं के अनुसार भारत सरकार ने जिस तरह आर्टिकल 370 निरस्त कर जम्मू–कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए, उसी तरह अब अगले कदम में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर (छ्ठअचजकज ) को भारत में मिलाने की चर्चा जोर पकड़ने लगी है। पोओके को भारत में मिलाने की मांग को लेकर दिग्गज नेताओं के बयान भी सामने आ रहे हैं। हाल ही में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे लेकर रहेंगे। पीओके में विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद एक समय अशांत रहे कश्मीर में शांति लौट आई है, लेकिन पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अब विरोध प्रदर्शनों और आजादी के नारों से गूंज रहा है।

बीत दिन बीजेपी के दिग्गज नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि पाकिस्तान ने हमला किया था जम्मू–कश्मीर पर, हमारी सेनाएं बहादुरी के साथ लड़ रही थी, अगर तीन दिन और युद्ध विराम नहीं होता, तो पीओके होता ही नहीं, सारा का सारा कश्मीर हमारा होता। कांग्रेस और पंडित जवाहरलाल नेहरू ने पाप किया और युद्धविराम कर दिया, जिस कारण पीओके पाकिस्तान में रह गया। आज भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है कि अब पीओके हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे, वो भारत का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि ये एतिहासिक भूल, अपराध और पाप है, जो पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया। क्या–क्या नहीं किया, एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान कौन लेकर आया। कश्मीर हमारा था, हम लोग नारे लगाते रहे कि एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे, लेकिन कांग्रेस ने ये पाप किया और धारा 370 लगा दी। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रणाम करता हूं कि उन्होंने एक झटके में धारा–370 खत्म करके देश से दो निशान, दो विधान, दो प्रधान हटा दिए।

> **दरअसल, पीओके में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों के साथ अधिक टैक्स के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में एक लंबा मार्च भी निकाला गया । वहां रोजमर्रा की चीजें काफी महंगी हो गई है, बिजली की कीमतें भी अधिक हो गई हैं और अधिक टैक्स भी चुकाना पड़ रहा है।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी इशारा किया कि भारत के संविधान के अनुसार, पूरा जम्मू–कश्मीर हमारा है। पूरे जम्मू–कश्मीर को भारत में लाना हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी है और उस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए हमें 400 सीटें चाहिए। उधर सरकार विरोधी प्रदर्शन जो पीओके में हो रहा है उसकी खलबली पूरे पाकिस्तान में मच गई है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके में आवाम सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आई है। पीओके में जोरदार तरीके से विरोध प्रदर्शन हो रहा है। पीओके में जारी इस प्रदर्शन की गूंज अब विदेशों में भी सुनाई देने लगी है। पीओके की आवाम सरकार के फैसले और बढ़ती महंगाई से त्रस्त हो चुकी है। यही वजह है कि आवाम शहबाज सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है और भारत में शामिल होने की मांग कर रही है। पीओके में प्रदर्शन का लेवल इतना बड़ा हो गया है कि पाकिस्तान सरकार थर्रा गई है। शहबाज सरकार किसी तरह इस प्रदर्शन की आवाज को दबाना चाहती है। यही वजह है कि अशांत पीओके को शांत करने के लिए आनन–फानन में सरकार ने 23 अरब रुपये आवंटित कर दिए।

हालांकि, पीओके में विरोध–प्रदर्शन की धमक अभी कम नहीं हुई है। पीओके में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों और अधिक कर के खिलाफ लोग लगातार आंदोलन कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों से लगातार हड़ताल जारी है। प्रदर्शन का आलम यह है कि पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें भी हो रही हैं। पीओके में लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। पीओके में महंगाई इतनी बढ़ गई है कि आटा–दाल लोगों की औकात से बाहर की चीजें हो गई हैं। पीओके में जारी प्रदर्शन में सैकड़ों लोग घायल हो चुके हैं, बावजूद इसके प्रदर्शन की आंच अभी कम नहीं हो रही है। पीओके की स्थिति को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ काफी टेंशन में आ गए हैं। टेंशन में आने की एक वजह यह भी है कि पीओके में पाकिस्तान विरोधी नारे लग रहे हैं और भारत में शामिल किए जाने की मांग उठने लगी है।

अब सवाल उठता है कि आखिर पीओके में अभी जो सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद हो रही है, उसके पीछे कौन है? दरअसल, पाकिस्तान के कब्जे वाले पीओके में यह विरोध–प्रदर्शन जम्मू–कश्मीर ज्वाइंट आवामी एक्शन कमेटी के बैनर तले हो रहा है। यही वह कमेटी है, जिसने शहबाज सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की और उसके बैनर तले सरकार के फैसलों से परेशान आवाम जुड़ती चली गई। बताया जाता है कि इस इस जम्मू–कश्मीर ज्वाइंट आवामी एक्शन कमेटी में सबसे अधिक संख्या कारोबारियों की है। कमेटी ने पूर्ण हड़ताल का आह्वान किया है, जो पिछले 5–7 दिनों से जारी है। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में दुकानदार से लेकर कारोबारी भी शामिल है, जो अपनी दुकानों को बंद कर इस प्रदर्शन को सफल बनाने में जुटे हैं। पुलिस ने जम्मू–कश्मीर ज्वॉइंट आवामी एक्शन कमेटी के 70 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। पीओके के कई हिस्सों जैसे समाहनी, सेहंसा, मीरपुर, रावलकोट, खुइरट्टा, तत्तापानी और हट्टियन बाला में हड़ताल जारी है और लोग लगातार पाकिस्तान सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। पीओके की आवाम का कहना है कि उनके साथ पाकिस्तानी हुकूमत भेदभाव कर रही है। पीओके के नेता इलाके में बिजली वितरण में इस्लामाबाद सरकार द्वारा कथित भेदभाव का विरोध कर रहे हैं। शनिवार को पुलिस और मानवाधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुईं, जिसमें एक पुलिस अफसर की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। पीओके में पूर्ण हड़ताल की वजह से जनजीवन पूरी तरह से ठप हो गया है और लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है।

दरअसल, पीओके में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों के साथ अधिक टैक्स के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में एक लंबा मार्च भी निकाला गया । वहां रोजमर्रा की चीजें काफी महंगी हो गई है, बिजली की कीमतें भी अधिक हो गई हैं और अधिक टैक्स भी चुकाना पड़ रहा है। यही वजह है कि पीओके की परेशान आवाम यह प्रदर्शन कर रही है। दूसरी वजह यह भी है कि पीओके के लोग अब जम्मू–कश्मीर के लोगों की जिंदगी से अपनी तुलना कर रहे हैं। तुलना करने में वे अपने आपको काफी पिछड़े पाते हैं। यही वजह है कि पाकिस्तानी हुकूमत के खिलाफ उनका गुस्सा भड़क उठा है और पीओके में कई नेता और लोग पाकिस्तान से आजादी और भारत में शामिल होने की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तान में जारी आर्थिक संकट और महंगाई की वजह से पीओके के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कुछ जानकार लोगों का कहना है कि केवल सरहद खोलने की देर है छ्ठअचजकज के लोग खुद ब खुद भारत के लोगों को गले लगा लेंगे। बताया जाता है कि हालिया प्रदर्शनों में पीओके के लोगों की मांग उन्हें भारत के लद्दाख क्षेत्र में मिला देने की है। इस मांग के तेज होते ही पाकिस्तान सरकार की नींद वैसे ही उड़ी हुई है। इस विरोध प्रदर्शन के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रैली में लोगों ने कारगिल सड़क को खोलने की मांग की। उन्होंने नारा लगाया कि 'आर पार जोड़ दो, कारगिल को खोल दो।'

## ट्वीटर टॉक




बेरोजगारी पर जितना काम मोदी जी ने किया है उतना किसी ने नहीं किया है। बेरोजगारों और युवाओं को भी यदि आशा है तो मोदी जी से ही है। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी से नहीं है। चुनाव के मैदान में भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ है।

**–जेपी नड्डा**



बलिया की पावन भूमि पर यहां के देवतुल्य नागरिकों द्वारा मिले अभूतपूर्व प्रेम व स्नेह से मन आनंदित है,इस बार भी उत्तर प्रदेश में समाजवादी व कांग्रेस पार्टी के परिवारवाद को मुंह तोड़ जवाब देगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास की गारंटी पर मुहर लगाएगा।

**–मोहन यादव**



पंजाब के आनंदपुर साहिब क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार डॉ. सुभाष शर्मा जी के समर्थन में खरड़ विधानसभा में हुए सम्मेलन में मोदी सरकार के कार्यों और विपक्षी दलों के पाखंड का अंतर बताया। एक उदाहरण यहाँ बसाए गए नया शहर–नया गाँव का ही है।

**–गजेन्द्र सिंह शेखावत**

### प्रेरक प्रसंग

## परमात्मा स्वरूप ही आनंद



एक बार माता देवहूति ने भगवान कपिल से प्रश्न किया, 'जगत में सच्चा सुख, आनन्द कहां है, उसे पाने का साधन क्या है?' कपिल भगवान बोले, 'माता, किसी जड़ वस्तु में आनन्द नहीं रह सकता, आनन्द तो आत्मा का स्वरूप है। अज्ञानवश जीव जड़ वस्तु में आनन्द खोजता है। सांसारिक विषय सुख तो देते हैं किन्तु आनन्द नहीं। जो तुम्हें सुख देगा वह दु:ख भी देगा किन्तु भगवान हमेशा आनन्द ही देते हैं। आनन्द परमात्मा का स्वरूप है। सांसारिक सुख तो शरीर की खुजली जैसे होते हैं। जब तक आप खुजलाते रहेंगे तब तक अच्छा लगता रहेगा किन्तु खुजाने से नाखून के विष के कारण खुजली का रोग बढ़ता चला जाता है। सर्वोत्तम मिठाई का स्वाद भी जिह्वा तक ही रहता है। जगत के पदार्थों में आनन्द नहीं है, उसका आभास मात्र है।

### नजरिया

# जीवन से हताश क्यों हो रही है तरुणाई?

**मनोज कुमार अग्रवाल**
**मोबाइल : 9219179431**



हाल ही में विभिन्न बोर्ड के हाईस्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद देश के कई हिस्सों में किशोर छात्र छात्राओं द्वारा सुसाइड करने की ढेर सारी दुखद घटनाओं के समाचार आ रहे हैं। हमारे नौनिहालों पर पंद्रह सत्रह साल की उम्र में ही परीक्षा में कम न नम्बर आने पर जिंदगी से हार मान लेने की हताशा दिलो–दिमाग पर छाए रही है। हमारे स्कूलों में शिक्षा का कैसा माहौल चल रहा है यह किसी से छिपा नहीं है स्कूल कालिज विशुद्ध व्यापार या कार्पोरेट कंपनी की तर्ज पर चलाए जा रहे हैं सरकारी स्कूलों के इंतजामात बदतर है प्राइवेट स्कूल कालिजो की फीस एक औसत परिवार की कमर तोड़ देती है ऐसी स्थिति में भारी भरकम फीस चुका कर कोचिंग और ट्युशन में ठगा जाने वाला आम अभिभावक अपने बच्चों से परीक्षा में अव्वल आने का हसीन ख्वाब पाल लेते हैं क्योंकि वह सिर्फ महंगी फीस चुका कर अपना फर्ज पूरा करने की मानसिकता में जीते हैं जबकि बच्चों को सिर्फ उनकी अपनी वंशानुगत या प्रभुप्रदत्त बौद्धिक व तर्क क्षमता के अनुरूप सीखने समझने का मौका मिलता है ऐसे में हर बच्चा डिस्टिंक्शन मार्क्स हासिल कर सके यह सम्भव ही नहीं है लेकिन तमाम परीक्षाओं और आगामी पढ़ाई की प्रवेश परीक्षाओं में नम्बर गेम हावी है और ऐसा भयावह माहौल तैयार किया जा रहा है कि यदि नम्बर गेम में पिछड़े तो जिन्दगी में भी पिछड़ जाओगे ऐसे बेहद कुटिल संवेदना रहित प्रतिस्पर्धी माहौल में बच्चों के ऊपर बन रहे दबाव मिल रहे तानों और कैरियर बिगड़ जाने के खतरे के साथ साथ बेरोजगार रह जाने के भय के बीच मां–बाप की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने की हीन भावना बच्चों को जीवन से हार मान लेने की ओर धकेल रही है। यह हालात तैयार करने के लिए सरकार सिस्टम शिक्षा पद्धति अभिभावक सब सामूहिक रूप से जिम्मेदार हैं। सिर्फ एक परीक्षा में 'अपेक्षित परिणाम' न आने पर हमारी किशोर व नवयुवा जनरेशन सुसाइड की राह चुन रही है। एक अध्ययन में बताया गया कि भारत में आत्महत्याओं की सर्वाधिक दर 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के बीच है। वर्ष 2022 में होने वाली आत्महत्याओं में 7.6 प्रतिशत छात्र थे और उस वर्ष 13,000 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की थी।हाल ही में परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा के बाद आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं से कलेजा फट पड़ता है। वहीं नीट और जेइई प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए मशहूर कोचिंग सिटी कोटा भी अब सुसाइड सिटी बन कर रह गया है वहां हर साल दो दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं की सुसाइड की घटनाएं चिंता जनक हैं। ऐसी घटनाओं की बहुत लम्बी श्रृंखला है सवाल उठता है कि जिस परिवार के बच्चा आत्मघाती कदम उठा लेता है उस का तो सब कुछ छिन जाता है आजकल अधिकांश परिवारों में न्यूक्लियर फैमिली सिस्टम है एक या दो बच्चे हैं जिनके लिए मां बाप दिन रात मेहनत कर फीस जुटाते है और दुर्भाग्य वश ऐसा कोई वारदात हो जाए तो उस परिवार के सामने अंधकार छा जाता है। ऐसी घटनाओं से कितना कुल दीपक बुझ गए कितने ही परिवार उजड़ गए हैं । इस वर्ष यूपी बोर्ड के रिजल्ट आते ही 26 अप्रैल को एक दर्जन छात्रों ने मौत को गले लगा लिया तेलंगाना तथा मध्य प्रदेश में अप्रैल में घोषित इंटरमीडिएट तथा 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद 11 छात्रों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। यही हालत बिहार राजस्थान हरियाणा उत्तराखंड केरल आंध्र प्रदेश समेत देश के कोने–कोने में देखने को मिला है।

बच्चों पर मार्क्स फोबिया इस कदर हावी है कि वह जरा सा कम नम्बर आते ही डिप्रेशन का शिकार बन रहे हैं और तुरंत जीवन से किनारा करने की ठान रहे हैं। इस के लिए अभिभावकों की महत्वाकांक्षाएं बच्चों की क्षेत्रवार सही क्षमता का आकलन किए बिना उन्हें जबरन अनिच्छा वाले फील्ड में धकेलना बच्चों को हताशा में धकेल रहा है। इस के अलावा पडोसियों या सहपाठी छात्र छात्राओं से अपने बच्चों की तुलना कर उन्हें मानसिक रूप से तनाव देना साथ ही पड़ोसियों रिश्तेदारों द्वारा जानबूझकर बच्चों की परीक्षा के बारे में बार बार पूछना अपनी प्रतिक्रिया देना भी बच्चों के मन में ईगो हर्ट कर ग्लानि या निराशा पैदा करता है। अभिभावकों को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाने के साथ–साथ काऊंसलिंग द्वारा या स्वयं प्रेरणा देकर उनके मन में इस तरह की बातों पर हताश न होने तथा आगे और अधिक पक्के इरादे के साथ मेहनत करने के लिए उनके भीतर एक जज्बा और आत्मविश्वास तैयार करने की कोशिश करना चाहिए ।

अभिभावकों को अंतिम तौर पर यह मानना चाहिए कि सृष्टि में हर जीव को ईश्वर किसी खास मकसद से जन्म देकर उन्हें उनके प्रारब्ध के अनुसार योग्यता पद प्रतिष्ठा कार्यक्षेत्र प्रदान करता है प्रयास जरूर करें लेकिन परिणाम को सहज स्वीकार करने की मानसिक बल बच्चों व खुद अपने भीतर बनाएं वरना बहुत सारे अभागे अभिभावकों की तरह हाथ मलते रह जाओगे। इस हालात से बचने के लिए फालतू की परिचितों की सलाह न लें सबकी सोच उनके अपने अनुरूप होती है बच्चे को मुसीबतों से जूझने के लिए तैयार करें कमरे में बंद पढाकू न बनाऐ उस नियमित आउटडोर गेम्स खेलने की प्रेरणा दें इस दौरान वह हम उम्र मित्रों के साथ कुछ समय स्पेंड करेगा जो उस के मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों को भी यह समझाना जरूरी है कि छोटी–छोटी विफलता जीवन में आती रहेंगी भारत की क्रिकेट टीम हर बार विश्वकप नहीं जीत सकती है नही हर बार राहुल द्रविड़ शतक जमा सकता है इस लिए मेहनत करें लेकिन परिणाम ईश्वर के हाथ है हताश होने की बजाय उनका मजबूती के साथ सामना करने में ही जीवन की सार्थकता है।

एक परीक्षा में पास होना सफलता की गारंटी नहीं है पता नहीं कितने बिना डिग्री वाले लोग सफलतापूर्वक अनेक क्षेत्रों में रिकार्ड बना देते हैं। बीटेक होकर भी कोई बड़ा पाव बेचकर दौलत शोहरत पा रही है तो कोई डोली चाय बेचकर बुलंदियां छू लेता है। बड़ी बड़ी डिग्री लेकर भी कुछ बेकार है और कोई साधारण सी डिग्री प्राप्त कर कंपनी का सीइओ बन जाता है। बच्चों को भी समझना चाहिए कि माता–पिता उनके लिए अपना खून पसीना बनाते हैं अपनी जरूरतों को पूरा करने के बजाय बच्चों के कैरियर बनाने के लिए फिक्र करते हैं उन की छोटी सी आत्मघाती भूल मा बाप भाई बहन को जीवन भर रोने के लिए मजबूर कर सकती है ऐसा कायरता भरा कदम भूलकर भी न उठाए। अवसाद का क्षण बीता तो जीवन में मंगल ही मंगल हो जाता है।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

संबोधन





मंडी संसदीय क्षेत्र की बल्ह विधानसभा में सर्दवार और चल्खा में रविवार को आयोजित जनसभाओं को संबोधित करती भाजपा प्रत्याशी कंगना रानौत।

# 'इंडिया' के नेता रावण और कंस की संस्कृति के अनुयायी : यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बलिया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') के नेताओं को 'रावण' और 'कंस' की संस्कृति का अनुयायी करार देते हुए आरोप लगाया कि 25 परिवारों ने यह परंपरा बना ली है कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री उनके परिवार से ही होंगे। यादव ने यहां भाजपा उम्मीदवार नीरज शेखर के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कथित तौर पर सनातन धर्म का अपमान करने और आस्था के साथ खिलवाड़ करने के लिए 'इंडिया' की आलोचना की और लोगों से लोकतंत्र का दुरुपयोग करने वालों को हराने की अपील की।

नाम लिए बिना समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला करते हुए यादव ने कहा, इस परिवार (यादव परिवार) को अपने परिवार के सदस्यों के अलावा किसी पर भरोसा नहीं है। वे सभी के विकास की बात करते हैं लेकिन केवल अपना विकास करने में लगे रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों द्वारा सनातन धर्म पर हमला किया जा रहा है।

यादव ने कहा, शिशुपाल भगवान कृष्ण को गाली देता था और विपक्षी दल अज प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा और लोकतंत्र को गाली दे रहे हैं। उन्होंने कहा, वे (विपक्ष) रावण और कंस की संस्कृति के हैं। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश से अंग्रेजों और कांग्रेस की सभी पुरानी निशानियों को मिटा दिया है। यादव ने कहा, चाहे वह 1862 की भारतीय दंड संहिता, 1932 की लॉर्ड मैकाले की शिक्षा प्रणाली हो, अंग्रेजों और कांग्रेस की निशानियों को देश से मिटाया जा रहा है। नयी शिक्षा नीति लाई गई है। उन्होंने कहा कि केवल मोदी ही 'जवान और किसान' का सम्मान कर सकते हैं।

# ईरान के राष्ट्रपति को ले जा रहे हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दुबई। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे एक हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया है। सरकारी टेलीविजन की खबर में रविवार को यह जानकारी दी गई है। खबर में हालांकि तत्काल विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे। सरकारी टीवी ने कहा कि यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 600 किलोमीटर (375 मील) उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा पर स्थित जुल्फा शहर के निकट हुई। सरकारी समाचार एजेंसी 'आईआरएनए' की खबर के अनुसार, रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर और अन्य अधिकारी भी यात्रा कर रहे थे।

एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने घटना का वर्णन करने के लिए दुर्घटना शब्द का इस्तेमाल किया, लेकिन उन्होंने एक ईरानी समाचार पत्र के समक्ष स्वीकार किया कि वह अभी तक घटनास्थल पर नहीं पहुंचे हैं। रईसी की स्थिति के बारे में न तो 'आईआरएनए' और न ही सरकारी टीवी ने कोई जानकारी दी। सरकारी टीवी ने कहा कि बचावकर्मी घटनास्थल तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और कोहरे की सूचना मिली है। 'आईआरएनए' ने इस क्षेत्र को एक जंगल बताया है। रईसी रविवार तड़के अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने के लिए अजरबैजान में थे। यह तीसरा बांध है, जिसे दोनों देशों ने अरास नदी पर बनाया है। रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में जा रहे थे। रईसी (63) एक कट्टरपंथी हैं, जिन्होंने पूर्व में देश की न्यायपालिका का नेतृत्व किया था। उन्हें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के करीबी के रूप में देखा जाता है और कुछ विश्लेषकों का कहना है कि वह 85 वर्षीय नेता (खामेनेई) की मृत्यु या पद से इस्तीफा देने के बाद उनकी जगह ले सकते हैं। रईसी ने ईरान का 2021 का राष्ट्रपति चुनाव जीता था।

# एआई के बेहतर इस्तेमाल से मूल्य सृजन होगा, रोजगार बढ़ेगा : रेड हैट सीईओ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

डेनवर। रेड हैट भारत को दुनिया के तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक के रूप में देखती है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मैट हिक्स का कहना है कि देश का बढ़ता उद्यम आधार और तकनीकी नवोन्मेषी क्षमताएं आईबीएम के स्वामित्व वाली कंपनी के लिए रोमांचक संभावनाएं प्रदान करती हैं। एआई पर बहस और तकनीकी क्षेत्र की नौकरियों और वेतन पर इसके प्रभाव का जिक्र करते हुए हिक्स ने पीटीआई-भाषा से कहा, कृत्रिम मेधा (एआई) पर अगर अच्छी तरह से काम किया जाता है, तो इससे बड़े पैमाने पर मूल्य सृजन होगा और किसी की कल्पना से परे यह नए उद्योगों को जन्म देगा।

एंटरप्राइज ओपन-सोर्स सॉल्यूशंस कंपनी रेड हैट का आईबीएम ने 2019 में लगभग 35 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। यह सबसे बड़ा अधिग्रहण सौदा है। भारत में यह कंपनी एक बड़े आधार के साथ काम कर रही है और एक रोमांचक बिंदु पर है जहां वह प्रौद्योगिकी भूमिकाओं के साथ अपनी क्षमताओं को बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत इस समय अपने बुनियादी सिद्धांतों के साथ दुनिया के सबसे मजबूत बाजारों में से एक है...जब मैं भारत में अवसरों को देखता हूं...एक, यह एक तेजी से बढ़ता बाजार है और इसमें उद्यम की जरूरतें हैं, इसलिए यह हमारे लिए बहुत उपयुक्त है... इसके अलावा, मुख्य तकनीकी नवोन्मेषण आधार भारत में बड़े पैमाने पर मौजूद है, इसलिए ओपन सोर्स प्रौद्योगिकियों जैसी चीजों के माध्यम से पूरे देश तक पहुंचने में सक्षम होना, यही बात मुझे वास्तव में भारत के बारे में उत्साहित करती है।

हिक्स ने कहा कि वह देश में मौजूद नवोन्मेषण क्षमताओं से 'आश्चर्यचकित' हैं।



# 'नायक' के सीक्वल में नजर आयेगी अनिल कपूर और रानी मुखर्जी की जोड़ी!

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और अभिनेत्री रानी मुखर्जी की जोड़ी नायक के सीक्वल में नजर आ सकती है। अनिल कपूर, रानी मुखर्जी और अमरीश पुरी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म नायक वर्ष 2021 में प्रदर्शित हुयी थी, जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया। फिल्म नायक में अनिल कपूर ने एक न्यूज रिपोर्टर का किरदार निभाया था, जिसे एक दिन का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलता है। इस फिल्म को एस.शंकर ने निर्देशित किया था। फिल्म 'नायक' को ए.एम रत्नम ने प्रोड्यूस किया था। कहा जा रहा है प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने नायक के सीक्वल के राइटस खरीद लिए हैं।वह 'नायक' का सीक्वल बनाने वाले हैं।

दीपक मुकुट ने बताया,हमलोग नायक का सीक्वल प्लान कर रहे हैं और पुराने कैरेक्टर्स के साथ ही स्टोरी को आगे ले जाने का सोच रहे हैं। मैंने काफी पहले ए.एम रत्नम से राइटस खरीद लिए हैं। लीड एक्टर्स को माइंड में रखते हुए हम फिल्म की स्क्रिप्ट लिख रहे हैं. जैसे ही राइटिंग का काम पूरा हो जाएगा। हम आगे का डिसाइड करेंगे।





# कांस फिल्म फेस्टिवल में ऐश्वर्या राय और कियारा आडवाणी ने बिखेरा जलवा

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और कियारा आडवाणी ने कांस फिल्म फेस्टिबल में अपना जलवा बिखेरा है। 14 से 25 मई तक फ्रांस के कांस शहर में 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। हर बार की तरह इस बार भी ऐश्वर्या राय बच्चन के लुक ने लोगों का ध्यान खींचां। वहीं कान्स में डेब्यू करने वालीं कियारा आडवाणी का पहला लुक भी चर्चा में है। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 के पहले दिन ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपने लुक से सबका ध्यान खींचा। पहले दिन के बाद वह दूसरे दिन भी अपने लुक्स और ड्रेसिंग सेंस को लेकर चर्चा में रहीं। वहीं, ऐश्वर्या के अलावा लोगों की नजरें कियारा आडवाणी पर भी टिकी हैं, जो इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं।कियारा आडवाणी ने रेड कार्पेट से पहले मीडिया इंट्रैक्शन के लिए रेडी लुक से ही सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

रेड कार्पेट पर वॉक करने से पहले कियारा ने फ्रेंच रिवेरा से अपना पहला लुक फैंस के लिए शेयर किया था। उन्होंने डीप नेकलाइन और थाई-हाई स्लिट व्हाइट गाउन में स्टाइलिश एंट्री ली है। सेलिब्रिटी डिजाइनर प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कियारा किसी अप्सरा से कम नहीं लगीं।

कियारा आडवाणी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह कैमरे के सामने पोज देती नजर आ रही हैं. वीडियो में कियारा व्हाइट हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं, जिसमें डीप नेकलाइन है। उन्होंने मैचिंग ईयररिंग्स और हील्स के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया है. वीडियो में देखा जा सकता है कि कियारा आडवाणी स्टाइलिश अंदाज में कार से बाहर उतरती हैं और कैमरे के सामने किलर पोज देने लगती हैं. उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# सहारा समूह ने वेब सीरीज 'स्कैम 2010: द सुब्रत रॉय सागा' को लेकर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी

नयी दिल्ली। सहारा समूह ने आगामी सीरीज स्कैम 2010: द सुब्रत रॉय सागा को अपमानजनक और घोर निंदनीय बताते हुए निर्माताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। दिवंगत उद्योगपति सुब्रत रॉय सहारा के जीवन पर आधारित यह सीरीज फिल्मकार हंसल मेहता की इस तरह की तीसरी सीरीज है। इससे पहले वह स्कैम 1992: द हर्शद मेहता स्टोरी और स्कैम 2003: द तेलगी स्टोरी बना चुके हैं। निर्देशक ने बृहस्पतिवार को स्कैम 2010: द सुब्रत रॉय सागा की घोषणा की।

सहारा इंडिया ने एक बयान में कहा कि सीरीज के निर्माण में शामिल निर्माता, निर्देशक और अन्य लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने को लेकर सलाह ली जा रही है। बयान में कहा गया है, 'स्कैम' के निर्माताओं ने सस्ते और व्यापक प्रचार के लिए 'स्कैम 2010: द सुब्रत रॉय सागा' की घोषणा करके एक अपमानजनक व घोर निंदनीय कृत्य किया है।

बयान के अनुसार, सहारा इंडिया परिवार इसमें शामिल सभी व्यक्तियों व पक्षों के ऐसे कृत्यों की निंदा और उनके अपमानजनक व्यवहार का विरोध करता है। इस संबंध में, आहत सदस्य निर्माता, निर्देशक व निर्माण में शामिल सभी लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने को लेकर सलाह ले रहे हैं। समूह ने कहा कि प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और सहारा के बीच विवाद अब भी उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है और उक्त मामले की कार्यवाही को प्रभावित करने का कोई भी प्रयास अदालत की अवमानना के समान होगा। लंबी बीमारी के बाद नवंबर 2023 में 75 वर्ष की आयु में रॉय का निधन हो गया था। रॉय के सहारा समूह पर पोंजी योजनाओं को लेकर नियमों को दरकिनार करने का आरोप है। हालांकि सहारा समूह ने हमेशा इन आरोपों से इनकार किया है।







# श्याम बेनेगल की फिल्म 'मंथन' को मिली सराहना

मुंबई/एजेन्सी

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल निर्देशित 'मंथन' को शुक्रवार को 77वें कान फिल्म महोत्सव में पुनर्स्थापित फिल्मों के लिए समर्पित खंड में प्रदर्शित किया गया और काफी सराहना मिली। वर्ष 1976 की इस फिल्म को इटली में दुनिया की बेहतरीन फिल्म प्रयोगशालाओं में से एक, बोलोग्ना में एल'इमेजिन रिट्रोवाटा प्रयोगशाला और चेन्नई में प्रसाद लैब्स में नया और भव्य रूप दिया गया था। इस साल कान्स क्लासिक्स अनुभाग का हिस्सा है। 'मंथन' को पुन:बहाल करने वाले मुंबई स्थित फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के फिल्म निर्माता शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर ने कहा, फिल्म खराब स्थिति में थी। पुनर्स्थापना एक श्रमसाध्य प्रक्रिया थी और इस काम में डेढ़ साल का समय लग गया।

श्री डूंगरपुर ने बुनुएल थिएटर में आयोजित पुनर्स्थापित फिल्म के विश्व प्रीमियर में कहा, बेनेगल ने मुझे बताया कि पुनर्स्थापित फिल्म उनकी शूट की गई फिल्म से बेहतर है। प्रीमियर के मौके पर उपस्थित लोगों में अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भी शामिल थे, जो गुजरात के किसानों द्वारा निर्मित फिल्म में एक ग्रामीण की भूमिका निभा रहे हैं, जिन्होंने 1976 में भारतीय सिनेमा में एक दुर्लभ भीड़-वित्त पोषित परियोजना में दो-दो रुपये का योगदान दिया था।

शाह ने कहा, फिल्म का निर्माण आनंद, गुजरात के 500,000 दूध किसानों के योगदान से किया गया था। किसी ने भी फिल्म को कोई मौका नहीं दिया क्योंकि इसमें कोई नृत्य और एक्शन दृश्य नहीं था। 'मंथन' 1977 में रिलीज होने पर बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। यह मेरी दूसरी फीचर फिल्म थी।



# 'शादी में उल्टा फेरा' में नजर आयेगी दीप मिश्रा और मनीषा यादव की जोड़ी

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेता दीप मिश्रा और अभिनेत्री मनीषा यादव की जोड़ी फ़िल्म शादी में उल्टा फेरा में नजर आयेगी। शादी में उल्टा फेरा लेने की शूटिंग इन दिनों मुम्बई थाणे के मीरा भयंदर के उत्तान भयंदर में जोर शोर से चल रही है।दीप मिश्रा अभिनीत इस फ़िल्म में कॉमेडी , रोमांस और इमोशन का ट्रायो कॉम्बिनेशन देखने को मिलेगा।इस फ़िल्म में दीप मिश्रा के साथ मनीषा यादव मुख्य भूमिका में हैं । दीप मिश्रा ने कहा, फ़िल्म शादी में उल्टा फेरा मनोरन्जन से भरपूर होगी, जिसे दर्शक हाथों हाथ लेंगे और फ़िल्म हर उम्र के दर्शक वर्ग के लिए एक पैकेज की तरह पसन्द आएगी। दीप फ़िल्म एंड डिस्ट्रीब्यूशन के बैनर तले बन रही फिल्म शादी में उल्टा फेरा के निर्माता कुलदीप कुमार मिश्रा हैं।

इस फ़िल्म के लेखक एवं निर्देशक लाल जी यादव हैं। फ़िल्म के गीतों के बोल छोटू यादव ने लिखे हैं, जिन्हें संगीत से छोटे बाबा ने सजाया है। फ़िल्म के डीओपी हैं डी के शर्मा हैं, नृत्य निर्देशन कानू मुखर्जी ने किया है , संकलन सन्तोष हरावड़े का है , एक्शन मास्टर प्रदीप खड़का का है। फ़िल्म शादी में उल्टा फेरा के मुख्य कलाकार दीप मिश्रा, मनीषा यादव, संजय पाण्डेय, अनूप अरोड़ा सहित हैं।

# फिल्म 'संयोग' का ट्रेलर हुआ जारी

मुंबई/एजेन्सी

कांस फिल्म फेस्टिबल में अभय सिन्हा की आने वाली फिल्म संयोग का ट्रेलर और पोस्टर बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने रिलीज किया। यशी फिल्म्स और अभय सिन्हा प्रस्तुत पारिवारिक कहानी पर आधारित भोजपुरी सुपर स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म संयोग अब कांस फिल्म फेस्टिवल में पहुंच चुकी है, जहां राजपाल यादव ने इस फिल्म का पोस्टर और ट्रेलर रिलीज किया।

रापचिक ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज फिल्म संयोग के ट्रेलर को राजपाल यादव ने देखा और उसे सराहा भी कहा कि भारतीय फ़िल्म उद्योग की बात ही कुछ और है। उन्होंने कहा कि हर भाषाओं में बनने वाली फिल्म अब दुनिया भर के दर्शकों के सामने इस महोत्सव के जरिए प्रदर्शित होगी। इसमें भोजपुरी भी शामिल है। यह बेहद खुशी की बात है। वही अभय सिन्हा ने कहा कि इस फिल्म की कहानी सात समुन्द्र पार की धरती की है, लेकिन इसका मिजाज पूरी तरह से भोजपुरी समाज से जुड़ा हुआ है और इस फिल्म की कलात्मक प्रस्तुति की गई है जिस वजह से यह अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव में प्रदर्शित की जाने लायक सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म में से एक चुनी गई।

यशी फिल्म्स प्रा. लिमिटेड प्रस्तुत फिल्म संयोग के निर्माता अभय सिन्हा हैं और निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। फिल्म के सह-निर्माता अनिल कुमार सिंह हैं। इस फिल्म में दिनेश लाल यादव, आम्रपाली दुबे, संजय पांडे, अनीता रावत, संजीव मिश्रा, सूर्या द्विवेदी, जे.नीलम, संतोष पहलवान मुख्य भूमिका में हैं। लेखक अरबिन्द तिवारी और पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं। डीओपी वासु हैं। संगीतकार साजन मिश्रा एवं शुभम तिवारी और गीतकार अरबिन्द तिवारी, आशुतोष तिवारी, शेखर, मधुर हैं। कोरियोग्राफर एम. ड्डङ्के. गुप्ता (जॉय) और डिजिटल पार्टनर कैप्टन वीडियो प्राइवेट लिमिटेड है।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

सीरवी सेवा संघ लिंगराजपुरम की ओर से बुद्धगिरि विलेज स्थित श्री आईजी चंदन वाटिका में आईपंथ के धर्मगुरु दीवान श्री माधवसिंह का बधावा किया गया। इससे पूर्व धर्मगुरु का पहली बार पगलिया होने पर स्वागत के लिए भव्य वरघोड़ा निकाला गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



रविवार 19 मई को मोहनी एकादशी पर सजे श्री श्याम मंदिर बेंगलूरु धाम के पावन दर्शन

सम्मान — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के कला संगम सांस्कृतिक ट्रस्ट द्वारा अक्कामहादेवी सभागार में बसवा जयंती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत बसव्वणा के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।




# आईपंथ के धर्मगुरु दीवान माधवसिंह ने किया आईजी चंदन वाटिका का उद्घाटन

## धर्मगुरु का हुआ धूमधाम से स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सीरवी सेवा संघ लिंगराजपुरम की ओर से बुद्धगिरि विलेज स्थित श्री आईजी चंदन वाटिका में आईपंथ के धर्मगुरु दीवान श्री माधवसिंह का बधावा किया गया। इससे पूर्व धर्मगुरु का पहली बार पगलिया होने पर स्वागत के लिए भव्य वरघोड़ा निकाला गया। गैर मंडल के कलाकारों द्वारा मनोहारी नृत्य की प्रस्तुत दी गई। दीवान साहब के करकमलों से बुधगिरि गांव के पास स्थित समाज के नए भूखंड पर आईजी चंदन वाटिका का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भजन गायक जोगाराम परिहार, सत्तू पंवार एवं महिला मंडल की महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुति दी। सीरवी महासभा के अध्यक्ष वीरमराम सोलंकी ने सभी का स्वागत किया।

आईपंथ के धर्म गुरु दीवानश्री माधवसिंह ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर आरती का गायन किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लिंगराजपुरम बड़ेर की जमीन जो ली गई वह बहुत की बढ़िया है। उन्होंने कहा कि समाज में एक साथ मिलकर काम करने और सबको साथ लेकर चलने की भावना हो तो समाजहित से जुड़ा कोई भी कार्य आसानी किया जा सकता है। इस क्षेत्र में जो अन्य सामाजिक संस्थाएं हैं उनसे भी निवेदन है कि आप भी इसी जगह पर अगर कोई जमीन उपलब्ध हो तो उसे अवश्य खरीद लें। सेवा संघ के अध्यक्ष नारायणलाल परिहार ने धर्मगुरु दीवान साहब का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रेमकिशोर बर्फा ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष नारायणलाल परिहार, उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहार, धर्माराम काग, सचिव किशनलाल चोयल, सहसचिव जुगराज चोयल, कोषाध्यक्ष मांगीलाल राठौड़ सहित समाज के अनेक बडेरों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी सहसचिव जुगराज चोयल ने दी।

आशीर्वाद — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अश्विन सेमलानी, सहकोषाध्यक्ष विनोद चौहान, अभिषेक मेहता, नितेश गुलेच्छा, सजाराज कोठारी, ललित परमार ने श्रीक्षेत्र धर्मस्थला के प्रमुख वीरेन्द्र हेगड़े से मुलाकात कर उन्हें इनरवियर ट्रेड फेयर में शामिल होने का निवेदन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।



# राजराजेश्वरीनगर तेरापंथ भवन में अभिनव सामायिक एवं सघन निवृत्ति साधना शिविर सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आचार्यश्री महाश्रमणजी के संयम पर्याय के 50 वर्ष की परिसंपन्नता के उपलक्ष्य में तेरापंथ सभा राजराजेश्वरीनगर में अभिनव सामायिक एवं सघन निवृत्ति साधना शिविर का आयोजन साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी एवं उदितयशाजी के सान्निध्य में किया गया। इस शिविर को 4 जोन में बांटा गया जैसे प्रथम जीवन निर्माण जोन में साध्वी संगीतप्रभाजी ने आचार्यश्री महाश्रमणजी की साधना की पराकाष्ठा की चर्चा करते हुए उनके जीवन के प्रसंगों सुनाए। दूसरे जोन में साध्वी भव्ययशाजी ने रोचक प्रयोग करवाए। मैत्री की अनुप्रेक्षा का प्रयोग चारों दिशाओं में सभी प्राणियों के साथ क्षमायाचना करवाई।

कायोत्सर्ग द्वारा भेद विज्ञान का अभ्यास कराया गया। तीसरे समाधि जोन में साध्वी उदितयशाजी ने असमाधि के कारणों तथा परिवार में पैदा होने वाले प्रसंगों की चर्चा करते हुए समाधि के लिए आत्मावलोकन के प्रयोग करवाए। चौथे जिज्ञासा-समाधान जोन में साधक-साधिकाओं की साधना के मार्ग में आने वाली समस्याओं से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान दिया। प्रेरणापाथेय जोन में साध्वी सिद्धप्रभाजी ने सभी को साधना के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने के लिए सतत अभ्यास की प्रेरणा दी। अध्यक्ष छतरसिंह सेठिया ने साध्वियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



वृक्षारोपण

महावीर इंटरनेशनल बेंगलूरु चैप्टर ने रविवार को बनशंकरी में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया है। चेयरपर्सन भारती छाजेड़ ने इस वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से पर्यावरण को बचाने की पहल की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोजेक्ट चेयरमैन विजयराज सिसोदिया और सहप्रोजेक्ट चेयरपर्सन काजल जैन ने की। इस अभियान के तहत 30 पेड़ लगाए गए।



# बसवनगुड़ी में 2580 वां जिनशासन स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

## मुनिश्री मलयप्रभसागर व साध्वी प्रियस्वर्णांजनाश्री ने दी निश्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में मुनिश्री मलयप्रभसागरजी, मलयप्रभसागरजी, मुकुलप्रभसागरजी व साध्वी प्रियस्वर्णांजनाश्री की निश्रा में वैशाख सुदी एकादशी यानी वीर शासन स्थापना दिवस व जिनशासन का प्रथम दिवस रविवार को हर्षोल्लास से ध्वजारोहण, ध्वजवन्दन एवं सामूहिक सामायिक करके मनाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी ने सभी को शुभकामनाएं दी। महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा ने कहा कि देवाधिदेव प्रभु वीर एवं वीर शासन के अनहद-अमाप-अतुल्य-अकथ्य उपकार हमारे ऊपर है। वैसे तो सभी परमात्मा का केवलज्ञान कल्याणक दिवस एवं तीर्थ स्थापना दिवस एक ही तिथि को होता है, केवल वीर प्रभु के शासन में अलग-अलग है, जिसे आश्चर्य माना गया है।

साध्वीवर्या स्वर्णांजनाश्रीजी ने द्वादशांगी (आगमों) के रचना दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि मात्र 3 शब्द प्रभु से प्राप्त कर 11 अंग आगम, 14 पूर्वों की रचना केवल 48 मिनिट के अंदर- अंदर गणधरों ने की। हमें मोक्ष लक्ष्मी की प्राप्ति जिनशासन से ही हो सकती् है। कार्यक्रम की शुरुआत में ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्रकुमार रांका, निर्भयलाल गुलेच्छा, महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा, खरतरगच्छ संघ के अध्यक्ष प्रकाश भन्साली, अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद् के अध्यक्ष पंकज बाफना, मंत्री विकास खटोड़ आदि सदस्यों ने ध्वजारोहण करके ध्वजवन्दन किया।

प्रवक्ता अरविन्द कोठारी ने कहा कि परमात्मा ने साधु साध्वी श्रावक श्राविका रूप चतुर्विध संघ की स्थापना आज के दिन की। प्रचार प्रसार संयोजक ललित डाकलिया ने बताया कि कार्यक्रम में अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद्, महिला परिषद्, सामायिक मंडल एवं सकल श्रीसंघ के सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया।

# निशुल्क लीवर जांच शिविर में लाभान्वित हुए 25 सदस्य



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। आचार्यश्री महाश्रमणजी के 63वें जन्मदिवस के अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर श्रीरामपुरम में लीवर से संबंधित रोगों की स्क्रीनिंग हेतु निःशुल्क फाइब्रो स्कैन का आयोजन किया गया। शिविर में गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. विद्यासागर रामप्पा (मणिपाल हॉस्पिटल) ने निःशुल्क परामर्श प्रदान किया। शिविर में 25 सदस्य लाभान्वित हुए जिसमें से लगभग 17 सदस्य फैटी लीवर ग्रेड 2 से ग्रस्त थे। परिषद परिवार द्वारा डॉक्टर का जैन पट्ट से सम्मान किया गया। इस शिविर में एटीडीसी स्टाफ सहित तेयुप से सुनील मेहता, अनुज हीरावत एवं राजेश देरासरिया ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मुलाकात

हुब्बल्ली के विधायक महेश तेंगनकाई से उनके कार्यालय में भाजपा सचिव दत्तामूर्ति कुलकर्णी, संजीव जोशी, लक्ष्मण कुलकर्णी, विनोद पटवा आदि ने मुलाकात की तथा सम्मान किया। इस मौके पर महेश तेंगनकाई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए लोकसभा से संबंधित कार्यों के लिए अपने आगामी वाराणसी दौरे का उल्लेख किया।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय - सी.आर.पी.एफ.
यलहंका, बेंगलूरू - 560 064.
दूरभाष - 080 - 28567017
ई-मेल : kvcrpfyelfin@gmail.com, वेबसाइट : https://crpfyelahanka.kvs.ac.in

निम्नलिखित संविदा पदों के लिए 4 जून 2024 को सुबह 9.00 बजे से प्रवेश साक्षात्कार (वॉक - इन - इंटरव्यू)

| पद | दिनांक व समय |
| --- | --- |
| स्नातकोत्तर शिक्षक अर्थशास्त्र | 4 जून 2024 को सुबह 9.00 बजे से |
| परामर्शदाता एवं विशेष शिक्षक | |

शैक्षिक योग्यता की जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट : https://crpfyelahanka.kvs.ac.in देखें ।
सही /- प्राचार्या

# आदिनाथ चिकपेट संघ में मनाया गया जैन शासन स्थापना दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के विभिन्न संघ के साथ बेंगलूरु महासंघ द्वारा चिकपेट संघ में 24वें तीर्थंकर प्रभु श्री महावीर स्वामी का जैन शासन स्थापना दिवस मनाया गया। चिकपेट पेढ़ी से धर्मचक्र युक्त पंचरंगी ध्वज लहराने की भी प्रेरणा दी गई जिसमें 25 संघों ने सदस्य शामिल हुए। आदिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ चिकपेट के अंतर्गत कार्यरत अर्हम्-ग्रुप के युवाओं आयोजन की व्यवस्था संभाली। चिकपेट श्रीसंघ से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रवर्तक मुनिश्री बोधिप्रभविजयजी व साध्वीजी श्री अरिहंतप्रभाश्रीजी ने निश्रा प्रदान की। संगीतकार अमन भाई और तरुण भाई ने भजनों की प्रस्तुति दी। मुनिश्री भद्रंकरप्रभविजयजी ने शासन स्थापना का महत्त्व बताया। सरगम ग्रुप ने ढोल नगाड़ों के साथ प्रभात फेरी में योगदान दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



शासन स्थापना दिवस

मैसूरु के जैन मरुधर संघ हुब्बल्ली के तत्वावधान में पन्यास धैर्यसुंदरविजय म.सा. एवं पन्यास निर्मोहसुंदरविजयजी की निश्रा में शासन स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। उल्लेखनीय है कि करीब 2580 वर्ष पूर्व 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने वैशाख शुक्ल एकादशी को चतुर्विध संघ की स्थापना की थी। इस अवसर पर जैन मरुधर संघ के अध्यक्ष जयंतीलाल परमार, सचिव दिनेश संघवी, रिखब जैन, इंदरमल जैन, कांतिलाल मलानी, शैलेश जैन, नीलेश जैन एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com